राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 161, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 26 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

वर्किंग प्रोफेशनल के लिए मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में ऑनलाइन डिग्री .... पेज 03

अटल जी की रखी आधारशिला पर मोदी सरकार कर रही भारत का विकास : योगी .... पेज 05

इशाक, पाटिल, कश्यप, साधु ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए भारतीय महिला एकदिवसीय टीम .... पेज 07

श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर नई दिल्ली में सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बेंगलुरु में दुकानों के साइनबोर्ड पर 60 प्रतिशत कन्नड़ जरूरी

### 28 फरवरी लास्ट डेट, नियम नहीं माना तो लाइसेंस रद्द होगा

बेंगलुरु। बेंगलुरु की सभी दुकानों, होटल्स और मॉल्स में लगे साइबोर्ड में 60 प्रतिशत कन्नड भाषा होनी चाहिए। इसके लिए दुकानों के मालिकों को 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। ऐसा न करने पर दुकानों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। यह निर्देश बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने दिए हैं।

बीबीएमपी के मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ ने कहा– इसे लागू कराने की जिम्मेदारी सिविक बॉडी की है। जिस इलाके में निर्देशों का पालन नहीं हुआ, वहां के सिविक बॉडी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

तुषार गिरि नाथ ने कहा कि शहर के 1400 किमी एरिया में मेन सड़कें और सब–वे हैं। इन सड़कों पर स्थित सभी दुकानों का सर्वे किया जाएगा। इस दौरान साइनबोर्ड में 60 प्रतिशत कन्नड भाषा का इस्तेमाल न करने वालों को नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें 28 फरवरी तक का समय दिया जाएगा, जिससे वे साइनबोर्ड में बदलाव कर सकें। फिर भी नियमों का पालन नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी।

कर्नाटक सरकार ने साल 2017 में ही दुकानों के साइनबोर्ड में कन्नड़ भाषा का इस्तेमाल करने से जुड़ा नियम बनाया था। इसके बावजूद कानून का पालन नहीं हो रहा है। इसके विरोध में कन्नड़ के संगठन प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद बीबीएमपी ने यह फैसला लिया है।

### दुकानदारों को धमकाने का वीडियो वायरल

बीबीएमपी के इस आदेश के बीच कर्नाटक के एक स्थानीय संगठन की





समर्थक महिला का दुकानदारों को धमकी देने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला कह रही है – यह कर्नाटक है।

कन्नडिगा (कन्नड़ बोलने वाले लोग) इस राज्य का गौरव हैं। आप जाइए और अपने राज्य पर अपना गौरव दिखाइए। मारवाड़ियों, अगली बार जब आप कहेंगे कि आप कन्नड़ नहीं जानते, तो आप निशाने पर होंगे।

महिला की धमकी से वीडियो में दिख रहे लोग डरे हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रही दुकानों के साइनबोर्ड में कन्नड़ भाषा दिख रही हैं। हालांकि, कुछ साइनबोर्ड में हिंदू और अंग्रेजी भी लिखी है।

## आपराधिक विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी

### पिछले सप्ताह संसद में इन विधेयकों को नए सिरे से पेश किया गया था

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ ये तीनों ही विधेयक कानून बन गए हैं। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम अधिनियम शामिल हैं। अब ये तीनों ही कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय दंड प्रक्रिया (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 872 की जगह लेंगे। इससे पहले दोनों ही सदनों में इस विधेयक को मंजूरी मिल गई थी। पिछले सप्ताह संसद में इन विधेयकों को नए सिरे से पेश किया गया था।

बता दें कि इन तीनों ही कानूनों का उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है जिससे कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों से निजात मिल सके। इन कानूनों में राजद्रोह के अपराध को खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा राज्य के खिलाफ अपराध की एक नई धारा डाली गई है।



इस विधेयक को पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान ही पेश किया गया था। हालांकि स्थायी समिति की सिफारिशों के बाद इसे वापस ले लिया गया था। अब इसे सुधार के साथ फिर से पेश किया गया।

गृह मंत्री अमित शाह ने बिल को पेश करते हुए कहा था कि अब के विधेयक में अल्पविराम और पूर्ण विराम का पूरा ध्यान रखा गया है। वहीं इस नए कानून में राजद्रोह में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधइ, संप्रभुता या एकता को खतरे में डालने वाले अपराध, अलगाववादी गतिविधि जैसे अपराधों को शामिल किया गया है। अगर कोई मौखिक, लिखित या सांकेतिक रूप से ऐसी गतिविधियों को उत्तेजित करता है या फिर प्रयास करता है, एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है। इसके अलावा उसपर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

जानकारों के मुताबिक इन नए कानूनों में 80 फीसदी प्रावधान पहले जैसे ही हैं। वहीं राजद्रोह के आईपीसी से हटाया गया है। इसके अलावा छोटे संगठित अपराधों के लिए राज्यों को अपने कानून बनाने की छूट दी गई है। इसमें पॉकेटमारी और चोरी जैसे अपराध शामिल हैं। शादी का झांसा देकर सेक्स को भी अपराध बताया गया है। इसके अलावा धारा 377 को हटा दिया गया है। पहले पुलिस को 15 दिन की ही रिमांड दी जा सकती थी जो कि अब 60 से 90 दिनों की भी हो सकती है। जांच पड़ताल के लिए फरेंसिक सबूतों को महत्वपूर्ण बताया गया गया है।

## कल्याण बनर्जी ने फिर उतारी उपराष्ट्रपति धनखड़ की नकल

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में रविवार को एक सभा में अपने संबोधन के दौरान बनर्जी ने उपराष्ट्रपति का दोबारा मजाक उड़ाया। बांग्ला में बोलते हुए बनर्जी ने कहा कि वह मिमिक्री करते रहेंगे, यह एक आर्ट है। अगर जरूरत पड़ी तो वह ऐसा हजार बार भी करेंगे।

कल्याण बनर्जी ने कहा, मेरे पास अपने विचार व्यक्त करने के सभी मौलिक अधिकार हैं। आप मुझे मार सकते हैं, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा, मैं लड़ना जारी रखूंगा। पश्चिम बंगाल में सभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आगे कहा, मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, मेरा एक सवाल है। क्या वह (जगदीप धनखड़) सच में राज्यसभा में ऐसा व्यवहार करते हैं ?

## ट्रांसजेंडर प्रेमी ने प्रेमिका को दी दर्दनाक मौत

चेन्नई। चेन्नई के पास चेंगलपट्टू जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। चेंगलपट्टू में एक 24 वर्षीय महिला की उसके बचपन के दोस्त (ट्रांसमैन) ने हत्या कर दी। मृतका की पहचान मदुरै की मूल निवासी 24 साल की नंदिनी के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर की रात एक लड़की जली हुई अवस्था में पाई गई, जो अपनी जान के लिए संघर्ष कर रही थी।

लड़की के दोनों पैरों में जंजीरें बंधी हुई थीं और उसके हाथ, पैर और गर्दन पर ब्लेड के घाव थे। पुलिस के मुताबिक,



आरोपी की पहचान वेट्रीमरन उर्फ पांडी महेश्वरी के रूप में हुई है जो एक ट्रांसजेंडर है।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वे दोनों रिलेशनशिप में थे और नंदिनी ने पिछले कुछ दिनों से उसके साथ बात करना बंद कर दिया था। आरोपी को नंदिनी पर शक हो रहा था कि वह दूसरों से बात करती है।

आरोपी वेट्रिमरन ने पुलिस को बताया कि दोनों के रिश्ते में परेशानियां आ रही थीं और इसलिए उसने यह भयानक कदम उठाया। पंडी महेश्वरी ने चेन्नई के दक्षिणी उपनगर केलांबक्कम के पास थलंबूर में शनिवार को नंदिनी को उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कुछ सरप्राईज देने के बहाने बुलाया। इसके बाद आरोपी ने नंदिनी की आंखों पर पट्टी बांधी, फिर जंजीरों से बांध दिया और जिंदा जला दिया।

## कोरोना : देशभर में एक्टिव केस 4 हजार के पार, 628 नए केस

### जेएन.1 वैरिएंट के 63 मामले; महाराष्ट्र के मंत्री भी पॉजिटिव



नई दिल्ली। देश में 24 घंटे में कोरोना के 628 मामले सामने आए हैं। एक्टिव केस की संख्या 4 हजार 52 पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, नए वैरिएंट के देश में 63 मामले मिले हैं। गोवा में 34, महाराष्ट्र में 9 और कर्नाटक में 8 मामले नए वैरिएंट के हैं। 24 घंटे में 315 लोग कोरोना से रिकवर हुए हैं। कोरोना का सबसे ज्यादा असर केरल में देखने को मिल रहा है। 24 घंटे में 376 मामले सामने आए हैं और एक मरीज की मौत हुई है, इनमें 6 केस नए वैरिएंट के हैं। राज्य में पिछले 5 दिन में 8 मरीजों ने दम तोड़ा है।

केरल के बाद कोरोना का सबसे ज्यादा असर कर्नाटक और महाराष्ट्र मे हैं। कर्नाटक में 24 घंटे में 106 केस और महाराष्ट्र में 50 मामले सामने आए है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। धनंजय मुंडे के मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि नागपुर में विधानसभा सत्र के दौरान 20 दिसंबर को ही वे पॉजिटिव हो गए थे। 21 दिसंबर को वे अपने घर लौट गए और आइसोलेट हो गए। उन्हें फिलहाल कोई लक्षण नहीं हैं। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और मीटिंग भी करने लगे हैं।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा– महाराष्ट्र में कोरोना को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं। राज्य में कोरोना की स्थिति पर अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

### नए वैरिएंट को लेकर सतर्क रहने की जरूरत

नए वैरिएंट को लेकर ICMR की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने सतर्क रहने को कहा है। न्यूज एजेंसी से उन्होंने कहा– हमें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

हमारे पास जेएन.1 का कोई डेटा नहीं है, जिससे पता चल सके कि यह वैरिएंट खतरनाक है या नहीं।

## दिल्ली समेत 6 राज्यों में जीरो विजिबिलिटी : कई फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा–पंजाब में कोल्ड वेव का अलर्ट, नए साल में और बढ़ेगी ठंड



### नए साल में बारिश की आशंका

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। इससे राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु में बादल छाने के साथ कहीं–कहीं बारिश होगी। इस सिस्टम का असर 1 जनवरी को भी रहेगा। इसलिए ऐसी संभावना है कि इस बार नए साल की शुरुआत में बारिश हो सकती है।

नई दिल्ली। दिल्ली समेत 6 राज्यों के एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह 6 बजे कोहरे के कारण जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई। इसकी वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स को सलाह दी कि वे अपनी फ्लाइट्स की उड़ान कन्फर्म करने के बाद ही एयरपोर्ट आएं।

मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली और पालम एयरपोर्ट के अलावा पंजाब के अमृतसर, उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, राजस्थान के जैसलमेर में जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई।

दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान भी घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने बताया कि नए साल में ठंड और बढ़ सकती है। 25 से 28 दिसंबर तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में कोहरा बढ़ेगा। पंजाब और हरियाणा में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

### हैदराबाद और बेंगलुरु की भी फ्लाइट्स प्रभावित

दिल्ली के अलावा हैदराबाद और बेंगलुरु से भी कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। विस्तारा ने अपने कई फ्लाइट्स के रूट में बदलाव की घोषणा की है। एयरलाइन ने कोहरे के कारण हैदराबाद से दिल्ली आने वाली छह उड़ानों को डायवर्ट किया है।

बेंगलुरु से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट संख्या के 897 को वापस बेंगलुरु भेज दिया गया है।

इसी तरह, मुंबई से हैदराबाद के लिए रवाना हुई फ्लाइट संख्या के 873 को भी प्रतिकूल मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

## मोदी ने क्रिसमस पर ईसाई समुदाय को दी शुभकामनायें

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस के त्योहार पर ईसाई समुदाय को सोमवार को भावभीनी शुभकामनाएं दीं तथा भारत के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए आह्वान किया कि वह 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवाओं को शिक्षित और हर तरह से स्वस्थ बनाने में योगदान दें। मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास में ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की और क्रिसमस के उत्सव के कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने क्रिसमस के गीत भी गाये।

## मोदी ने मदनमोहन मालवीय संपूर्ण वाङ्ममय का लोकार्पण किया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पंडित मदनमोहन मालवीय सम्पूर्ण वाङ्ममय युवा और आने वाली पीढ़ी को महामना के विचारों तथा आदर्शों और उनके जीवन से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

मोदी ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में मदनमोहन मालवीय सम्पूर्ण वाङ्ममय का लोकार्पण करते हुए कहा कि इसके जरिए देश के स्वतन्त्रता संग्राम और तत्कालीन इतिहास को जानने समझने का एक द्वार भी खुलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा,आज का दिन भारत और भारतीयता में आस्था रखने वाले



करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा पर्व की तरह होता है। आज महामना मदन मोहन मालवीय जी की जन्म जयंती है। आज अटल जी की भी जयंती है। मैं आज के इस पावन अवसर पर महामना मालवीय जी के श्री चरणों में प्रणाम करता हूँ। अटल जी को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं।

उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं और इतिहास तथा राजनीति विज्ञान के छात्रों के लिए यह वाङ्ममय किसी बौद्धिक खजाने से कम नहीं है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े प्रसंग, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनका संवाद, अंग्रेजी हुकूमत के प्रति उनका सख्त रवैया और भारत की प्राचीन विरासत का मान इन पुस्तकों में भरा पड़ा है।

उन्होंने कहा कि महामना की डायरी समाज, राष्ट्र और आध्यात्म जैसे सभी आयामों में भारतीय जनमानस का पथप्रदर्शन कर सकती है। मोदी ने कहा कि महामना जैसे व्यक्तित्व सदियों में एक बार जन्म लेते हैं और आने वाली कई सदियाँ हर पल, हर समय उनसे प्रभावित होते हैं।

## पानी के हौद में डूबीं तीन बालिकाएं

### खेत में खेल रही थीं; पैर फिसला तो गिरीं, दो सगी बहनें थीं

जोधपुर। फलौदी जिले के लोहावट थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा सामने आया है। यहां पानी के हौद में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई। घटना सोमवार 4 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार लोहावट थाना क्षेत्र के शैतान सिंह नगर के गांव में कृषि फॉर्म पर यह हादसा हुआ। यहां पाली जिले के कुंभाराम मेघवाल का परिवार कृषि कार्य करता है। सोमवार को कुंभाराम की बहन व तीन बेटियां खेलती हुई घर से बाहर निकल गई थीं। चारों बालिकाएं खेलते–खेलते पड़ोसी के खेत में पहुंच गई। वहां पानी के हौद के पास खेलते वक्त पैर फिसलने से



10 वर्षीय संध्या, 8 वर्षीय दीपिका और 7 वर्षीय बबलू पुत्री भगवानराम मेघवाल पानी में डूब गईं।

इस दौरान एक और बच्ची साथ थी। उसने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी।

परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को हौद से बाहर निकालकर फलौदी के सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने 3 बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। दो बच्चियां सगी बहनें थीं इस हादसे के बाद गांव के लोग भी फलौदी के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचे।

आरोप

### ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी समेत 4 पर कार्रवाई; कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू

## पुंछ में मारपीट से मरे 3 सिविलियन – सेना पर लगे आरोप

पुंछ। जम्मू–कश्मीर के राजौरी–पुंछ सेक्टर में 21 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के बाद आर्मी चीफ मनोज पांडे सोमवार (25 दिसंबर) को पुंछ पहुंचे। आर्मी चीफ ने यहां कमांडरों से मुलाकात की और उन्हें प्रोफेशनल तरीके से काम करने की हिदायत दी।

उधर, सेना ने मारपीट से 3 सिविलियन की मौत के आरोपी जवानों के खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। सेना ने सुरनकोट बेल्ट के प्रभारी ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवानों को मौजूदा ड्यूटी से हटा दिया है।

दरअसल, आतंकियों ने सेना की 2 गाड़ियों पर हमला किया था।



सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बफलियाज में हुए हमले में 5 जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने अमेरिकी एम–4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। सैनिकों के शहीद होने के बाद सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। पूछताछ के लिए उठाए गए 8 संदिग्धों में से 22 दिसंबर को 3 के शव मिले थे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

### सेना ने घटना से जुड़े 4 जवानों का ट्रांसफर किया

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जवानों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 का मामला दर्ज किया है। चूंकि मौजूदा मामला अलग है, इसलिए जांच पूरी होने पर स्पेशल रिपोर्ट अलग से सौंपी जाएगी। एक ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उधर, जम्मू–कश्मीर सरकार ने तीनों मृतकों के परिवार को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है।

21 दिसंबर को हुए हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिनमें एम–4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, एम–4 राइफल आतंकियों के पास पाकिस्तानी हैंडलरों से आई थीं। यह राइफल उस जखीरे का हिस्सा है जो अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से जाते समय वहां छोड़ गई थी।

## शार्ट न्यूज

### वाजपेयी जयंती के मौके पर रेड्डी ने किया नमन

हैदराबाद। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। रेड्डी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के तत्वावधान में वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारतीय राजनीति में श्री वाजपेयी के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर देते हुए उन्होंने कहा,वह एक बेदाग राजनेता, उच्च मूल्यों वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने ईमानदारी से शासन किया। साल 1977 के महत्वपूर्ण वर्ष के दौरान श्री वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए श्री रेड्डी ने उनकी ईमानदारी और पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक कारगिल जीत के साथ-साथ भारत द्वारा राजस्थान के पोखरण में परीक्षण के माध्यम से अपनी परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए उनकी प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने गरीबों के लिए आवास योजना के तहत लाखों घर बनाने के लिए मशहूर वाल्मिकि अंबेडकर की भी सराहना की। उन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के प्रति वाजपेयी के समर्पण पर प्रकाश डाला, जिसकी परिणति अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के रूप में हुई। मोदी सरकार द्वारा इस सपने को साकार किया गया। उन्होंने वाजपेयी को नेक, भ्रष्टाचार मुक्त, कुशल और अनुकरणीय शासन प्रदाता बताया।

### हैदराबाद में धोखाधड़ी के आरोप में एक गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने राजधानी हैदराबाद में हरियाणा के गुरुग्राम निवासी एक व्यक्ति को एकदिवसीय क्रिकेट मैच के टिकटों की व्यवस्था करने का वादा करके एक प्रशंसक को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया। उसे हैदराबाद में एक पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित ने बताया था कि मोहम्मद रियाज (33) ने इस साल 19 मार्च को विशाखापत्तनम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए एकदिवसीय मैच के लिए टिकटों की व्यवस्था करने के झूठे वादे के साथ उससे संपर्क किया था। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपी द्वारा दिए गए बैंक खातों में 5,26,360 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। पुलिस ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि हैदराबाद में साइबर अपराध पुलिस ने सीआर. नंबर 1012/2023 के तहत मामला दर्ज किया और गहन जांच की। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद रियाज़ एक साइबर जालसाज़ है।यह पहले इवेंट्सनाउ कंपनी के लिए एक फ्रीलांसर के रूप में काम करता था, जहाँ उसकी क्रिकेट मैच टिकटों तक पहुँच थी। अपने संपर्कों और अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाकर उसने मैच टिकट उपलब्ध कराने के बहाने पैसे इकट्ठा करके क्रिकेट प्रेमियों को धोखा देने की एक योजना तैयार की और इस तरह आसानी से पैसा कमाया।

### सुक्खू ने किया शिमला विंटर कार्निवल का शुभारंभ

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को ऐतिहासिक रिज मैदान पर शिमला विंटर कार्निवल का शुभांरभ करते हुए कहा कि शिमला में विंटर कार्निवल का आयोजन पहली बार किया जा रहा है और इससे शहर के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सुक्खू ने कहा कि शिमला विंटर कार्निवल पांच जनवरी तक चलेगा तथा इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक परेड को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान लगभग 450 महिलाओं ने महानाटी प्रस्तुत की, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मॉनसून के दौरान बहुत नुकसान हुआ तथा पर्यटन क्षेत्र भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। आपदा के दौरान प्रदेश सरकार ने दिन-रात मेहनत की तथा अब हिमाचल प्रदेश के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दो दिन में हिमाचल प्रदेश में 30 हजार पर्यटक वाहन आए हैं जो कि प्रदेश में पर्यटन उद्योग के एक बार फिर से खड़ा होने के अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

### सुक्खू ने ढल्ली सुरंग का किया लोकार्पण

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शहर के बाहरी इलाके संजौली और ढली के बीच चार यातायात सुरंगों का लोकार्पण किया। संजौली-ढल्ली सुरंग का निर्माण 47.36 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और यह 154.22 मीटर तक फैली हुई है। इस अवसर पर श्री सुक्खू ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पिछली सरकार के दौरान इस सुरंग की प्रगति कछुआ गति से चल रही थी, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद इसके निर्माण कार्य में तेजी लाई, जिसके कारण यह एक वर्ष के भीतर पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों को प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया है, क्योंकि सरकार का लक्ष्य राज्य के लोगों के लिए जल्द से जल्द लाभ पहुंचाने के लिए सर्वोत्तम उपयोग करना है। उधर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एवं पूर्व महापौर मेयर संजय चौहान ने भी शहर के लोगों को चौथी यातायात सुरंग के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि ढल्ली सुरंग का निर्माण 1852 में हुआ था यह सिंगल-लेन मार्ग के रूप में काम करती थी और अपने डिजाइन जीवन को पार कर चुकी थी। नयी सुरंग का उद्घाटन से निवासियों और पर्यटकों को परिवहन की सुगम सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि पर्यटन, हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख उद्योग है, जिसे बेहतर कनेक्टिविटी से काफी लाभ होगा।

### लेफ्टिनेंट कर्नल करणबीर सिंह का निधन

जालंधर। लेफ्टिनेंट कर्नल करणबीर सिंह नत (सेना मेडल), जो 2015 में कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए गंभीर रूप से घायल हो गये थे, आठ साल तक कोमा में रहने के बाद रविवार को जालंधर के सैन्य अस्पताल में अंतिम सांस ली। शौर्य चक्र विजेता सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरदीप सिंह सोही ने सोमवार को एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल करणबीर सिंह नत ने एक आंतकवादी हमले में अपने साथी को बचाने के लिये दुश्मनों की गोलियां अपने शरीर पर खाई थी। उन्होंने कहा, हम कोविड संकट के दौरान आशंकित थे। हालाँकि एक सैनिक होने के नाते उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आठ साल तक उनकी देखभाल करने के लिए सैन्य अस्पताल जालंधर के कर्मचारियों को बड़ा सलाम। उनकी नेक आत्मा को शांति मिले और वाहेगुरू उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का आशीर्वाद दें। लेफ्टिनेंट कर्नल करणबीर सिंह नत की बहादुरी की कहानी हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी। अठारह मार्च 1976 को जन्मे लेफ्टिनेंट कर्नल करणबीर सिंह नत का परिवार बटाला में रहता है। देश के इस बहादुर बेटे के आठ साल कोमा में गुजरे जहां मिलिट्री हॉस्पिटल में डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे थे। उनके कमरे में पूरा दिन गुरबाणी की अमृत वर्षा होती थी। उन्हें रोजाना खाने में सूप और जूस दिया जाता था। उन्हें यह तरल खाना देने के लिए फूड पाइप का इस्तेमाल होता था।

### सुशासन और विकसित भारत के प्रणेता अटल बिहारी वाजपेई : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रदेश में बूथ स्तर तक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों पर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।सभी 27सांगठनिक जिलों एवम 513मंडलों में अटल जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी और काव्यांजलि का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य ,फल, कंबल का वितरण भी किया गया। धनबाद महानगर भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी अपने ध्येय और विचारों के प्रति सदैव अटल रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने विकसित और स्वाभिमानी भारत का सपना देखा। इसके लिए उन्होंने सुशासन पर बल दिया। जिसका सीधा संबंध अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच है। उन्होंने सुशासन से अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा। कि सुशासन और विकसित भारत के प्रणेता अटल जी थे।

# सुपर एरिया के नाम पर कॉमन एरिया नहीं बेच सकेंगे बिल्डर

## यूपी रेरा ने उत्तर प्रदेश के सभी बिल्डरों के लिए जारी किए आदेश

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश के बिल्डर अब सुपर एरिया के नाम पर फ्लैट खरीदारों को कॉमन एरिया नहीं बेच सकेंगे। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने आदेश जारी कर इस पर रोक लगा दी है। बिल्डर केवल कारपेट एरिया के आधार पर ही खरीब- बिक्री कर सकेंगे। यूपी रेरा ने कहा है कि सुपर एरिया शब्द का प्रयोग कर बिल्डर खरीदारों को गुमराह कर रहे हैं।

सुपर एरिया के नाम पर खरीद-बिक्री करना अवैधानिक है। ऐसा करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई होगी।

यूपी रेरा में प्रदेश के 3536 बिल्डर




प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं। इनमें से कई प्रोजेक्ट में बिल्डर सुपर एरिया, कारपेट एरिया और बिल्टअप एरिया के नाम पर फ्लैट या अपार्टमेंट बेच रहे हैं। सुपर एरिया के नाम पर बिल्डर खरीदारों को कॉमन एरिया भी बेच देते हैं। जो नियमों के खिलाफ है।

यूपी रेरा के अधिकारियों के मुताबिक कॉमन एरिया की बिक्री प्रतिबंधित है। सुपर एरिया शब्द भ्रामक है और यूपी रेरा एक्ट में यह शब्द मान्य नहीं है। सुपर एरिया के नाम पर फ्लैटों की बिक्री अवैधानिक है। अधिकारियों ने कहा कि बिल्डर प्रोजेक्ट के कॉमन एरिया को बेच नहीं सकते। पूरा कॉमन एरिया सोसाइटी की अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के नाम हस्तांतरित किया जाता है।

### सभी बिल्डर को जारी करना होगा हेल्पलाइन नंबर

यूपी रेरा ने प्रदेश के सभी बिल्डरों को खरीदारों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने को कहा है। जिससे किसी भी तरह की परेशानी होने पर खरीदारों को मदद मिल सके। हेल्पलाइन नंबर की जानकारी यूपी रेरा के पोर्टल पर देनी होगी। इसके साथ ही बिल्डरों को ई-मेल आईडी सार्वजनिक करने का आदेश दिया गया है। जिससे यूपी रेरा के अलावा खरीदार और एजेंट ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर सकें। यूपी रेरा अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में पहली बार आदेश जारी किया गया है। कुछ नियमों पर स्पष्टता नहीं है। उनको स्पष्ट किया गया है।

### क्या है सुपर एरिया

फ्लैट के सुपर एरिया में प्रोजेक्ट के अंदर कॉमन एरिया भी शामिल होता है।

इसमें जेनरेटर रूम, पार्क, जिम, सीढ़ियां, लिफ्ट, लॉबी, टेनिस कोर्ट, छत, बालकनी, दीवार से घिरी जगह भी शामिल होती है। सुपर एरिया फ्लैट के कारपेट एरिया से 40 से 50 प्रतिशत अधिक होता है।

### क्या है कारपेट एरिया

कारपेट एरिया में फ्लैट का वो हिस्सा शामिल होता है। जहां कारपेट बिछाकर प्रयोग कर सकते है। यह फ्लैट के अंदर का खाली स्थान होता है। इसमें फ्लैट की दीवारें भी शामिल नहीं होती हैं।

### उत्तराखंड : कई लाख की स्मैक सहित नशा तस्कर नर्स गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स-फ्री देवभूमि' अभियान के अंतर्गत, पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वृहद अभियान में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ( ए.एन.टी.एफ ) ने अवैध स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को सोमवार सुबह गिरफ्तार किया। देहरादून रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार महिला नर्सिंग क्वालीफाइड है। जिससे बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दस लाख रुपए है। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक (एसपी ) आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की टीम द्वारा देहरादून रेलवे स्टेशन पर थाना जीआरपी के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए अभियुक्ता से तलाशी में कुल 96 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

## राम मंदिर अयोध्या के लिए चलेंगी कम किराए की बस

इंदौर। (पीएमए) रामलला के दर्शन के लिए हर कोई अयोध्या जाने के लिए बेताब है। 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा समारोह शुरु हो रहा है। इस कार्यक्रम और इसके बाद भी लाखों भक्तों के अयोध्या जाने की उम्मीद है। हालांकि अयोध्या जाने के लिए लोगों को किराए के रूप में खासी रकम चुकानी होगी जिससे राहत देने के लिए अहिल्या नगरी इंदौर में जोरदार पहल की जा रही है।

इंदौर से अब देशभर के धार्मिक शहरों के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। इसमें अयोध्या, बनारस, महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर को शामिल किया है।

खास बात यह है कि राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा तक अयोध्या के लिए इंदौर से बस शुरू कर दी जाए, यह प्रयास किया जा रहा है। दरअसल एआइसीटीएसएल धार्मिक नगरियों को सड़क मार्ग से इंदौर को जोड़ने पर काम कर रहा है। बस सेवा संचालन पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुहर लगा दी है।

इंदौर से अयोध्या और काशी के लिए लग्जरी और सस्ती एसी बसें शुरू की जाएंगी। बस ऑपरेटर्स से टेंडर बुलाए हैं। अयोध्या, काशी सहित प्रदेश के बाहर आठ व प्रदेश के 6 शहरों के रूट पर बसें शुरू करने की योजना के तहत 14 रूट बनाए गए हैं। महापौर भार्गव ने बताया, 15 अगस्त को इंदौर से अयोध्या बस संचालन की घोषणा की थी। एआइसीटीएसएल के माध्यम से काम हो रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बस संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### कश्मीर में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्योहार

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में जमा देने वाली ठंड के बीच सोमवार को क्रिसमस का त्योहार धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य समारोह श्रीनगर के मौलाना आजाद रोड स्थित कैथोलिक चर्च में आयोजित किया गया , जहां महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में इसाई समुदाय के सदस्य ठंड के बावजूद सामूहिक प्रार्थना में शामिल हुए। चर्च को रंग-बिरंगी झांटों, गुब्बारों और रोशनी से सजाकर उत्सव जैसा लुक दिया गया है। चर्च गार्डन में ईसा मसीह के जन्मस्थान की एक प्रतिकृति भी बनाई गई है, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मोमबत्तियां जलाईं। आधी रात तक चर्च में सामूहिक प्रार्थना भी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## नोएडा में कोरोना के 3 एक्टिव मरीज

### होम आइसोलेशन में चल रहा इलाज, जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल लखनऊ भेजा गया

नोएडा। नोएडा में दो नए कोरोना के मरीज मिले हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या 3 हो गई है। नए मरीज की ट्रैवल हिस्ट्री निकाली जा रही है। दोनों मरीजों को घर में ही होम आइसोलेशन दिया गया है। दोनों में कोरोना के माइल्ड लक्षण थे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पिछले 24 घंटे में 28 संदिग्धों की एंटीजन और आरटीपीसीआर जांच की गई है। इन सभी की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के लिए सैंपल केजीएमयू की माइक्रोबायोलाजी लैब भेजा जाएगा। रविवार को मिले दोनों संक्रमित मरीजों को फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं और इनका इलाज चल रहा है। परिवार के किसी सदस्य में कोरोना के लक्षण नहीं होने के चलते उनकी कोरोना जांच नहीं कराई गई है। नोएडा समेत पूरे जनपद में कोविड को लेकर अलर्ट



घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड प्रोटोकॉल को अपनाए जाने की अपील की जा रही है।

सर्दी, जुकाम, बुखार के गंभीर मरीजों की आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। शासन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दें कि देश में कोरोना के दक्षिण राज्यों में नए वैरिएंट के मामले सामने आने के बाद एक बार फिर कोरोना एक्टिव हो रहा है। हालांकि अभी तक शहर में नए वैरिएंट के मामले सामने आने की बात प्रकाश में नहीं आई है। वैरिएंट का पता लगाने के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए टेस्ट की रिपोर्ट भी फिलहाल स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिली है।

## एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाने के लिए होगा बस स्टेशन और रेलवे टर्मिनल का निर्माण

बुलंदशहर/ ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) जेवर में बन रहे देश के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर खुर्जा जंक्शन के साथ चोला स्टेशन से जोड़ा जाएगा।

चोला स्टेशन का जेवर एयरपोर्ट से लिंक करने के साथ जंक्शन बनाने के लिए हरियाणा में पलवल से आगे रूंधी स्टेशन तक 50 किमी रेलवे लाइन बिछाई जाएगी।

उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ने डीपीआर बनाने के साथ बेसिक सर्वे शुरू कर दिया है।

एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाने के लिए यहां पर मेट्रो, लोकल एवं अंतरराज्यीय बस स्टेशन और



रेलवे टर्मिनल का निर्माण कराया जाएगा।

रेलवे अफसरों के अनुसार रेलवे टर्मिनल का निर्माण एयरपोर्ट परिसर में ही होगा। इसके लिए उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) चोला स्टेशन को हरियाणा के रूंधी से जोड़ने के लिए परियोजना तैयार कर रहा है। इसके जुड़ने से चोला स्टेशन जंक्शन में तब्दील हो जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे के सीनियर पीआरओ डॉ. अमित मालवी ने बताया कि चोला को हरियाणा के रूंधी से जोड़ने के लिए 50 किमी लंबी नई रेल लाइन बिछाने को उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज ने सर्वे शुरू कर दिया है।

जल्द ही सर्वे को पूरा कर लिया जाएगा। सर्वे पूरा होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। रेलवे अफसरों के अनुसार, हरियाणा के रूंधी तक जोड़ने वाली रेलवे लाइन दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन और दिल्ली-कोलकाता रेलवे लाइन से भी जुड़ेगी।

### बागेश्वर में डेढ़ लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड की बागेश्वर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये मूल्य की चरस की तस्करी करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कपकोट के पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा के अनुसार उत्तराखंड नशा मुक्त अभियान के तहत विशेष अभियान समूह के प्रभारी प्रहलाद सिंह की अगुवाई में कपकोट पुलिस और मादक द्रव्य निरोधक बल की ओर से रविवार को तस्करों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान टीम ने कपकोट-शामा मार्ग पर दो व्यक्तियों गोविन्द सिंह, निवासी लीती, थाना कपकोट, बागेश्वर और नंदन सिंह निवासी शांतिपुरी नंबर-4, पंतनगर, ऊधमसिंह नगर को रोका और उनकी जांच की तो उनके कब्जे से 1.444 किलोग्राम चरस बरामद हुई।

## पीडीपी का आरोप, पुंछ दौरे से पहले महबूबा को नजरबंद किया

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को सुरनकोट पुंछ की उनकी योजनाबद्ध यात्रा से पहले श्रीनगर में कथित तौर पर नजरबंद कर दिया गया है।

पार्टी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। पार्टी ने कहा कि सुश्री महबूबा स्थिति का आकलन करने और 'हिरासत में मारे गए सेना' के परिवारों से मिलने के लिए सुरनकोट जाने की योजना बना रही थीं।

पीडीपी ने एक्स पर महबूबा के आवास के बंद गेट की तस्वीर पोस्ट की। महबूबा को नजरबंद किये जाने के बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गौरतलब है कि पुंछ के बुफलियाज गांव में गुरुवार को घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिकों के मारे जाने के बाद जम्मू क्षेत्र के पुंछ-राजौरी इलाके में आक्रोश फैला हुआ है।

एक दिन बाद सेना द्वारा कथित तौर पर उठाए गए तीन नागरिक घात स्थल के पास मृत पाए गए। उनके रिश्तेदारों और राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया है कि तीनों की मौत 'हिरासत में यातना' के कारण हुई। सेना ने पुंछ में तीन नागरिकों की मौत की गहन आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं।

न तो सेना और न ही जम्मू-कश्मीर सरकार ने हालांकि हिरासत में हत्या के आरोपों से इनकार किया है।

## 17 राज्यों में वांछित हवाला कारोबारी अहमदाबाद से गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने साइबर थाने देहरादून में दर्ज एक शिकायत के बाद, एक और हवाला ऑपरेटर को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस गिरफ्तारी से लगभग 15 करोड़ 20 लाख से अधिक की धोखाधड़ी का एक और राष्ट्रीय घोटाला का पर्दाफाश हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त पर पूरे देश भर में कुल 102 साइबर शिकायतें दर्ज हैं और 17 राज्यों की पुलिस उसे खोज रही थी।

एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आयुष अग्रवाल ने यूनीवार्ता को सोमवार बताया कि देहरादून निवासी शिकायतकर्ता के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हटसएप के माध्यम से सम्पर्क कर स्वंय को 99 एक्रेस एण्ड एल टी कंस्ट्रक्शन कम्पनी के कर्मचारी/अधिकारी बनकर पार्ट टाईम जॉब के नाम पर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। फिर आगे के कार्य का टास्क देकर सभी टेलीग्राम हैंडल पर निवेश पर 30-40 फीसदी लाभ का आश्वासन देकर भिन्न-भिन्न तिथियों में भिन्न-भिन्न लेन देन के माध्यम से कुल 34,08,575.62(चौतीस लाख आठ हजार पाँच सौ पिचहत्तर रुपये बासठ) रुपये की धोखाधड़ी कर ली। अग्रवाल ने बताया कि उक्त शिकायत के आधार पर साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन, देहरादून पर मु0अ0सं0 29/23 धारा 420,120 बी भादवि व 66(डी) आईटी एक्ट बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अनियंत्रित बस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत, दो गंभीर घायल

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में मसाणियां भैरव धाम चौकी पर आज एक अनियंत्रित निजी बस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य गम्भीर रुप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर के निकटवर्ती राजगढ़ धाम पर चल रहे मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पार्किंग से निकली यह बस के अचानक ब्रेक फेल हो गये और उसने चौकी पर बैठे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में भंवरलाल निवासी ढाणी लक्ष्मीपुर खरेडा , कमलेश कुमार निवासी खटीकों का मौहल्ला राजगढ़ तथा जगदीश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

## तेलंगाना में राशन चावल का पुनर्चक्रण करने वाली इकाइयों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी

हैदराबाद। तेलंगाना के सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने सोमवार को पीडीएस (राशन) चावल के पुनर्चक्रण में शामिल चावल मिल मालिकों और अन्य संस्थाओं को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

रेड्डी ने हुजूरनगर में एक राशन की दुकान में चावल और अन्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए उसका गहन निरीक्षण करने के बाद राशन चावल का स्थानांतरण और दुरुपयोग करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। वर्तमान में तेलंगाना में लगभग 54 लाख राशन कार्डधारकों को केंद्र सरकार द्वारा पांच किलो चावल और



राज्य सरकार से एक किलो चावल प्रदान किया जाता है।

इसके अलावा, राज्य सरकार अतिरिक्त 35 लाख राशन कार्डधारकों को प्रति माह 6 किलो चावल आवंटित करती है, भले ही यह केंद्र या राज्य सरकार से आता हो, जिसकी कुल खरीद लागत 39 रुपये प्रति किलोग्राम है। रेड्डी ने हालांकि इस बात पर प्रकाश डाला कि लगभग 70-75 प्रतिशत राशन चावल को मिल मालिकों और अन्य बेईमान संस्थाओं द्वारा पुनर्चक्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है। चावल के पुनर्चक्रण में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. कांग्रेस सरकार राशन चावल के पुनर्चक्रण में लगे मिल मालिकों या किसी भी अन्य व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रेड्डी ने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार ने नागरिक आपूर्ति निगम पर लगभग 56,000 करोड़ रुपये के भारी कर्ज लाद दिया है।

## नए साल में जनवरी से लागू होगी समान नागरिक आचार संहिता

हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एलान किया कि अगले साल जनवरी में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी और उसके लिए कानून बना दिया जाएगा।

धामी ने आज हरिद्वार में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के आचार्य पद पर 25 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक सम्मेलन में शिरकत करते हुए यह घोषणा की। इसका सभी मौजूद साधु-संतों ने ताली बजाकर स्वागत किया और मुख्यमंत्री को



साधुवाद दिया। धामी ने दूसरे दिन आज भाग लिया। रविवार को इस दिव्य आध्यात्मिक सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने किया था

धामी ने कहा कि साधु-संतों द्वारा अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए लंबा संघर्ष किया और बलिदान दिया और जो साधु संतों ने अयोध्या में दिव्य राम मंदिर का सपना देखा था वह अब पूरा हो रहा है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और साधु संतों तथा राम भक्तों का राम जन्मभूमि बनने का सपना पूरा हो रहा है यह पूरे संत समाज एवं राम भक्तों के लिए सबसे खुशी का दिन है।

उन्होंने कहा कि जनवरी में राम लाल अपने स्थान पर विराजमान हो जाएंगे जिसके लिए जिसके लिए कई कार सेवकों ने बलिदान दिए और आज उसी की देन है की राम मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से कश्मीर में धारा 370 हटाने की बात चल रही थी और वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प के कारण धारा 370 हटा दी गई।

उन्होंने कहा कि इसी तरह उत्तराखंड में 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले हमने राज्य की जनता से राज्य में सत्ता में फिर से वापस आने पर समान नागरिक संहिता कानून लागू करने का वादा किया था।

उत्तराखंड की जनता ने हमें फिर से सत्ता पर बिठाया। हमने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा करने की दिशा में कदम उठाया।

## त्रिपुरा के शाही वंशज प्रद्योत ने पिता की याद में शुरू किया वजीफा

अगरतला। त्रिपुरा के शाही वंशज और विपक्षी दल टिपरा मोथा के नेता प्रद्योत किशोर देबबर्मन ने राज्य के अंतिम राजा और अपने पिता किरीट बिक्रम किशोर माणिक्य देबबर्मन की याद में सिविल सेवा के गरीब एवं मेधावी अभ्यर्थियों के लिये छात्रवृत्ति शुरू की है। प्रद्योत ने रविवार को कहा, हमारा परिवार शिक्षा को बढ़ावा देने में हमेशा आगे रहा है और मेरे पिता उनमें से एक थे। उनके सपने को साकार करने के लिये, मैंने अपने परिवार की ओर से गरीब एवं मेधावी सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिये 'महाराजा किरीट बिक्रम किशोर माणिक्य छात्रवृत्ति' कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने कहा, मैं सोच रहा था कि राजनीति से अलग मैं अपने समाज के उत्थान में किस प्रकार से योगदान दे सकता हूं। यही कारण है कि मैंने अपने दिवंगत पिता को समर्पित एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम उन छात्रों के लिये है जो प्रतिभावान और क्षमतावान है, लेकिन उन्हें अपने सपने को साकार करने के लिए वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

## शार्ट न्यूज

### श्री रामदास आठवले को उनके जन्मदिन पर दी उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की शुभकामनाएं




अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार माननीय श्री रामदास आठवले को आज उनके जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगलकामना की हैं। वत्स ने कहा कि श्री रामदास आठवले देश के पहले ऐसे सर्वप्रिय राजनेता हैं जो गांव, गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, वंचित, पीड़ित और कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु सतत् प्रयासरत रहते हैं। राज्यसभा सांसद और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रुप में उनका सहज सरल व्यक्तित्व सबको भाता है। उनके निवास और मंत्रालय में अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आने वाले लोगों में अपोजिशन पार्टी के लोग भी शामिल हैं। वह सबका काम करते हैं। किसी को निराश नहीं करते। संसद में भी उनकी वाक् पटुता एवं विनोदप्रियता के सभी कायल हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह को उनकी 29वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह को उनकी 29वीं पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह का व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। सबको अपना बना लेने की कला उनको आती थी। स्वभाव से विनम्र, सौम्य और मृदुभाषी ज्ञानी जैल को शेरों शायरी का बहुत शौक था। पत्रकारों, लेखकों और कलाकारों के प्रति उनके मन में अगाध श्रद्धा थी। उनकी अचकन पर सदैव गुलाम का फूल सजा रहता था। वत्स ने कहा कि उन्हें बरसों तक ज्ञानी जैल सिंह के सान्निध्य में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 99वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को आज उनकी 99वीं जयंती पर संघ के मुख्यालय बरवाला में उनके करोड़ों प्रशंसकों और कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि उन्हें अटल जी के सान्निध्य और साहचर्य में रहने का परम सौभाग्य मिला था। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरक था। कवि हृदय अटल जी ने राजनीति में अपने सिद्धांतों से कभी किसी से कोई समझौता नहीं किया। देश की एकता अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए उन ्होने आजीवन कार्य किया। विश्व बंधुत्व की भावना उनके मन में कूट कूटकर भर्ती हुई थीं।

### नपुंसकता टेस्ट के लिए पति को मजबूर करना क्रूरता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने माना कि पत्नी द्वारा अपने पति की मर्दानगी के बारे में आरोप लगाना निराशाजनक और मानसिक रूप से दर्दनाक है, जो पति के प्रति मानसिक क्रूरता और उत्पीड़न है। अदालत ने क्रूरता के आधार पर पति को तलाक देने के पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने कहा कि किसी के पति को दहेज की मांग, विवाहेतर संबंध के आरोपों के साथ नपुंसकता परीक्षण से गुजरने के लिए मजबूर करना और उसे महिलावादी कहना मानसिक पीड़ा और आघात पैदा करने के लिए पर्याप्त है। पीठ ने कहा, पत्नी की स्वीकारोक्ति से पता चलता है कि पति को नपुंसकता परीक्षण से गुजरना पड़ा, जिसमें वह फिट पाया गया। स्पष्ट रूप से किसी व्यक्ति की मर्दानगी के बारे में इस तरह के दावे और आरोप न केवल अवसादग्रस्त है, बल्कि किसी भी व्यक्ति के लिए इसे स्वीकार करना मानसिक रूप से दर्दनाक भी है। पीठ ने निष्कर्ष निकाला कि लापरवाह, अपमानजनक और निराधार आरोप लगाना, जिसका सार्वजनिक रूप से जीवनसाथी की छवि खराब करने का प्रभाव है, अत्यधिक क्रूरता का कार्य है।

### फर्जी दस्तावेज से फ्लैट बेचने वाला गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस ने गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुर्क संपत्ति को धोखे से फर्जी, दस्तावेज तैयार कर तथ्यों को छिपाते हुए फ्लैटों को बेचता था। साथ ही उनको किराये पर देता था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। दरसअल थाना बिसरख पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुर्क संपत्ति को धोखाधड़ी कर बेचने वाले आरोपी गैंगस्टर अनीस खान को आश्रम वाली गली से गिरफ्तार किया है। पुलिस से शिकायत हुई थी शाहबेरी में गैंगस्टर पर कार्रवाई करते हुए। उसकी संपत्ति को कुर्क किया गया था। जिसे अनीस धोखे से बेच रहा था। अनीस ने इस संपत्ति के फर्जी दस्तावेज तैयार किए और तथ्यों को छिपाते हुए धोखाधड़ी से बिक्री कर दिया। इसके अलावा इनको किराये पर दे दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि गैंगस्टर के मामले में फरार चल आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके द्वारा कुर्क की गई संपत्ति को फर्जी तरीके से लोगों को बेचा गया था और किराए पर उठाया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने तीन लूट के मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई एक मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस आदि बरामद किए हैं। यह लोग मोटरसाइकिल से राह चलते लोगों से लूटपाट किया करते थे। दरसअल सूरजपुर थाना क्षेत्र में 21 दिसंबर को एक छात्रा से मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया था मोबाइल लूटने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए थे। छात्रा ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई। थाना सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये भट्टा गोलचक्कर के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने राजू, अमित शर्मा और अजय को गिरफ्तार कर लिया। यह तीनों ही चोर फतेहगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस इन चोरों के कब्जे से लूट के तीन मोबाइल फोन और एक फर्जी नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। सूरजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि राह चलते लोगों से लूटपाट करने वाले तीन शामिल लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**आरोपी का पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल था**

नई दिल्ली। विकासपुरी इलाके में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में पड़ोसी ने युवक की हत्या कर दी। आरोपी का पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल था। मृतक भी उस लड़की से नजदीकियां बढ़ाने लगा था। इस बात की जानकारी होने पर आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को उसके दोस्त के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों की पहचान विकास नगर निवासी पवन तिवारी (35) और उसके दोस्त उत्तम नगर निवासी पवन सिंह (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों का खून से सना कपड़ा, मृतक का पर्स, दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली है। 16 दिसंबर को विकासपुरी थाने में तैनात हवलदार जुगल किशोर इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने केशोपुर गंदे नाला के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। युवक के चेहरे को पत्थर से कुचला गया था।



उसके पास से कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।

थाना प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मृतक की पहचान के लिए मृतक का फोटो लगा पोस्टर आसपास के इलाके में चिपकाया और पर्चे बांटे। 20 दिसंबर को निहाल विहार गंदे नाला के पास पोस्टर देखकर विकास नगर निवासी सत्य नारायण थाने पहुंचे। उन्होंने मृत युवक की पहचान अपने बेटे सचिन मौर्य (22) के रूप में की। जिसकी गुमशुदगी की शिकायत उन लोगों ने रणहौला थाने में की थी।

#### पूछताछ में लड़की से नजदीकी का हुआ खुलासा

छानबीन के दौरान पुलिस ने परिवार और आस पास के लोगों से पूछताछ की। जिसमें पता चला कि सचिन की पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से नजदीकियां थी। साथ ही यह भी पता चला कि उसी लड़की से उसके पड़ोसी पवन तिवारी की भी दोस्ती थी। इस बात को लेकर पवन सचिन से नाराज था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने पवन के घर पर दबिश दी, लेकिन वह घर से गायब मिला। साथ ही पता चला कि पवन तिवारी पर 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें फर्जी पासपोर्ट बनाना और नकली करेंसी बनाने का मामला भी शामिल है। नकली करेंसी के मामले में दिल्ली पुलिस उसे पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

#### मृतक की पहचान होते ही दोनों आरोपी हो गए फरार

तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जांच करने पर पता चला कि पवन तिवारी ने अपने दोस्त पवन सिंह के साथ घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने पवन सिंह के घर पर दबिश दी लेकिन वह भी घर से फरार मिला। पता चला कि मृतक की पहचान होने के बाद से ही दोनों आरोपी अपने घरों से फरार हैं। पुलिस ने दोनों पर निगरानी बढ़ाई। 22 दिसंबर को उन्हें विकास नगर के मछली मार्केट गंदे नाला के पास से पकड़ लिया।

पवन तिवारी ने बताया कि पड़ोस की जिस लड़की से वह प्यार करता था सचिन उससे नजदीकियां बढ़ाने लगा था। उसने उसे लड़की से दूर रहने के लिए कहा, लेकिन उसने बातों को अनसुना कर दिया। उसके बाद उसने सचिन की हत्या की साजिश रची। पवन सिंह के जरिए उसने सचिन को शराब पीने के बहाने नाले पर बुलाया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए पत्थर से उसके चेहरे को कुचल दिया और उसका सामान लेकर फरार हो गया।

# छुट्टी न मिलने से आहत युवक ने लगाई फांसी

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की शिनाख्त राजेश झा (34) के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। राजेश के परिजनों का आरोप है कि काम से छुट्टी न मिलने की वजह से वह आहत था। राजेश के भाई रितेश ने उसकी मौत पर ही संदेह जताया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। क्राइम टीम के अलावा एफएएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शुरुआती जांच के बाद पुलिस राजेश के आत्महत्या करने की बात कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से समस्तीपुर बिहार का रहने वाला राजेश परिवार के पुष्प विहार, लोनी, गाजियाबाद में रहता था। इसके परिवार में पिता नंद कुमार झा, भाई रितेश, राकेश और मां मीना देवी है। करीब डेढ़ साल से राजेश हर्ष विहार, जेल रोड स्थित एक बरात घर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात को राजेश की भाई रितेश से बात हुई थी। राजेश गांव जाने की बात कर रहा था, लेकिन उसका कहना था कि बरात घर का मालिक उसे छुट्टी नहीं दे रहा। इस बीच सोमवार दोपहर को रितेश को पता चला कि उसके भाई ने बरात घर के पीछे हिस्से में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही परिवार लोनी से बरात घर पहुंच गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी वहां पहुंच गए। रितेश ने भाई की मौत पर संदेह जताया है। उसका कहना है कि भाई ठीक-ठाक था। वह आत्महत्या नहीं कर सकता है। छुट्टी न मिलने से वह परेशान था। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस बरात घर के मालिक, कर्मचारियों के अलावा बाकी लोगों से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टडी से फरार हुआ दुष्कर्म आरोपी

नई दिल्ली। पंजाब के लुधियाना में दर्ज दुष्कर्म मामले का एक आरोपी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से फरार हो गया। इमिग्रेशन अधिकारियों ने बहरीन से दिल्ली हवाई अड्डे पर आने के बाद उसे पकड़कर सीआईएसएफ कर्मियों के हवाले कर दिया था।

आरोपी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने हिरासत से भागने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान गांव खंट, फतेहगढ़ साहिब, पंजाब निवासी अमनदीप सिंह के रूप में हुई है। 20 दिसंबर को अमनदीप बहरीन से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुंचा था। कागजात की जांच में इमिग्रेशन अधिकारियों को पता चला कि अमनदीप के खिलाफ पंजाब पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी कर रखा है। उसके खिलाफ अप्रैल 2020 में सिटी खन्ना लुधियाना थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

इमिग्रेशन अधिकारियों ने अमनदीप को सीआईएसएफ कर्मियों के हवाले कर दिया।

# साहित्य कला परिषद आयोजित कर रहा है तीन दिवसीय महोत्सव 'ठुमरी'

दिल्ली। साहित्य कला परिषद की कला, संस्कृति और भाषा विभाग, दिल्ली सरकार तीन दिवसीय वार्षिक 'ठुमरी' महोत्सव आयोजित करने जा रहा है।

ठुमरी भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक गायन शैली है।

यह महोत्सव 26, 27 और 28 दिसंबर को कमानी ऑडिटोरियम (कोपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस) में मनाया जाएगा। इस महोत्सव में कला, संस्कृति और भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह महोत्सव परंपरा और नवीनता को एक साथ जोड़ेगा। महोत्सव में प्रसिद्ध उस्तादों और उभरते सितारों के समूह अपनी जोशीली प्रस्तुतियां देंगे। इस महोत्सव से आप भी जुड़ सकते हैं और ठुमरी गायन का आनंद ले सकते हैं।

महोत्सव के पहले दिन श्री पद्मजा चक्रवर्ती, डॉ. सोमा घोष और विदुषी अश्विनी भिडे देशपांडे लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं। श्री पद्मजा चक्रवर्ती, गिरिजा देवी जैसी दिग्गजों से प्रशिक्षित हैं। उन्होंने ठुमरी, दादरा और अन्य पूरव अंग शैलियों में महारत हासिल की है। इनके अलावा, डॉ. सोमा घोष पद्मश्री से सम्मानित हैं। पहले दिन डॉ. घोष की बनारस शैली की ठुमरी, टप्पा और गज़ल की भावपूर्ण प्रस्तुति आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। विदुषी अश्विनी भिडे देशपांडे की प्रस्तुति भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली होगी।

महोत्सव के दूसरे दिन पंडित विश्वनाथ, विदुषी श्रुति सडोलीकर, पंडित साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा जैसे उस्तादों की प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। पंडित विश्वनाथ एक संगीत परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इस महोत्सव में वे ठुमरी, भजन और अन्य शैलियों में अपना जादू बिखेरने वाले हैं। वहीं, विदुषी श्रुति सडोलीकर की भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से आप जयपुर-अतरौली घराने की गहराई और वंशावली में डुब जाएंगे। पंडित साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा की जोड़ी समृद्ध बनारस परंपरा का प्रतीक है।

महोत्सव के तीसरे दिन सुश्री पूजा गोस्वामी, सुश्री सुचेता गांगुली, पंडित अजय पोहनकर और श्री अभिजीत पोहनकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सुश्री पूजा गोस्वामी, प्रसिद्ध उस्तादों द्वारा प्रशिक्षित हैं। सुश्री गोस्वामी की जीवंत गायकी मंच को अनूठी और मनमोहक शैली से रंग देगी। सुश्री सुचेता गांगुली, ठुमरी की टेपेस्ट्री में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का स्पर्श जोड़ते हुए एक अविस्मरणीय प्रदर्शन देने वाली हैं। पंडित अजय पोहनकर और श्री अभिजीत पोहनकर भव्य उत्सव के साथ महोत्सव का समापन करेंगे।

महोत्सव के बारे में बात करते हुए दिल्ली के कला, संस्कृति और भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, ठुमरी महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक आकर्षक उत्सव है। हम सभी संस्कृति प्रेमियों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। इससे हमारी पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा मिलेगा।

# वर्किंग प्रोफेशनल के लिए मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज में ऑनलाइन डिग्री

नई दिल्ली। आईआईएम इंदौर ने नौकरीपेशा युवाओं को मार्केट डिमांड के आधार पर स्किल, री-स्किल और अपस्किल करने के लिए मॉस्टर ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज (एमएमएस) प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। इस ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम में 900 घंटे का शिक्षण सत्र होगा। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक के साथ दो साल का पूर्णकालिक कार्य का अनुभव जरूरी है।

आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रोफेसर हिमांशु राय ने बताया कि आज कामकाजी युवाओं के लिए सबसे बड़ी दिक्कत नौकरी के साथ-साथ अपनी शिक्षा को जारी रखना है। वर्किंग युवाओं की इसी दिक्कत को दूर करने के लिए मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज प्रोग्राम को शुरू किया जा रहा है।

प्रोफेसर राय ने कहा कि आईआईएम इंदौर का मास्टर ऑफ मैनेजमेंट




स्ट्डीज प्रोग्राम एक नया ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम है, जिसे वर्किंग प्रोफेशनल्स को उनकी नौकरी के समय को बाधित किए बिना डिग्री हासिल करने के लिए डिजाइन किया गया है।

कॅरिअर में उन्नति के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए; यह प्रोग्राम स्किल्स को बेहतर बनाने में मदद करेगा। मैनेजमेंट का क्षेत्र तेज़ी से बदल रहा है, और नवाचार अब केवल एक अवधारणा नहीं है।

इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए स्नातक के बाद न्यूनतम दो वर्ष का पूर्णकालिक कार्य अनुभव और किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम से कम 50 फीसदी अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ स्नातक की डिग्री की आवश्यकता है।

#### आईआईएम की फैकल्टी ही पढ़ाएंगे

प्रो. राय ने कहा, एमएमएस इन वर्किंग प्रोफेशनल्स के कॅरिअर में क्रांति लाने, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और डेटा की सुरक्षा के साथ-साथ लीडरों को आधुनिक व्यवसाय के जटिल परिदृश्य को समझने के लिए सशक्त बनाएगा। प्रोग्राम में आईआईएम इंदौर की फैकल्टी और विशेषज्ञ पढ़ाएंगे। केस-स्टडी को विषयों में सम्मिलित करके एमएमएस विविध डोमेन में व्यापक ज्ञान प्रदान करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागियों को आवश्यक कौशल, एक मजबूत नैतिक आधार और नेतृत्व की भूमिका निभाने की क्षमता से लैस किया जाए। आज के परिदृश्य में, नैतिक नेतृत्व एक महत्वपूर्ण आधारशिला है।

### नोएडा में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

नोएडा में एक देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को थाना सेक्टर-49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी आईटी एक्ट के तहत सेक्टर-51 से गई। आरोपी व्यक्ति की पहचान रामपत यादव हुई है। दरअसल, इस व्यक्ति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें व्यक्ति प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। वीडियो में दिख रहा है कि कोई दूसरा व्यक्ति उससे पूछ रहा है और वह लगातार बिना रुके अभद्र भाषा का प्रयोग करता जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने ट्विट कर पुलिस को टैग करते हुए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करने और सख्त कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-51 से गिरफ्तार किया और पूछताछ की।

# नोएडा में सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार डिवाइडर से टकराते हुए टॉयलेट की दीवार में जा घुसी। कार के अंदर बैठी युवती समेत तीन लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने देखा तो तीनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। अन्य दोनों घायलों की भी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे में कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। घटना मयूर गोल चक्कर के पास की है।

थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार तड़के सेक्टर-126 स्थित मयूर गोल चक्कर के पास एक फोर्ड वैगन कार तेज गति के कारण डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में लखनऊ के तुषार चौधरी की मौत हो गई। आगरा का शुभम व लखनऊ की सागोरिका मित्रा घायल हो गए। मृतक तुषार और सागोरिका मित्रा चचेरे भाई-बहन हैं। पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। परिजनों को भी हादसे की जानकारी दे दी गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तुषार दिल्ली के करोल बाग में श्री राम फाइनेंस कंपनी के लोन विभाग में नौकरी करता था। शुभम ग्रेटर नोएडा की स्टेलर कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। जबकि सगोरिया मित्रा नौकरी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक सुबह तीन बजे के करीब तुषार समेत तीनों लोग खाना खाने के लिए ग्रेटर नोएडा से दिल्ली के लिए निकले थे। रास्ते पर ट्रैफिक काफी कम था ऐसे में कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। आशंका है कि झपकी आने से चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। हादसे के बाद कार के अंदर फंसे तीनों लोग मदद की गुहार लगाते रहे।

# संपत्ति विवाद में भतीजे ने चाचा की चाकू से गोदकर की हत्या

नई दिल्ली। नांगलोई इलाके में संपत्ति बेचने को लेकर विवाद में भतीजे ने चाचा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। मृतक संपत्ति को बेचना चाहते थे जबकि भतीजा इसका विरोध करता था। इस बात को लेकर अकसर उनके बीच झगड़ा होता था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तकनीकी जांच की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

आरोपी की पहचान बशीर आजम (39) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 23 दिसंबर की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि नांगलोई के मस्जिद कैंप नंबर दो स्थित एक मकान में एक शख्स की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंची। सीढ़ियों के पास एक शख्स खून से लथपथ पड़ा था। उसके पेट में चाकू के तीन घाव थे और उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में मृतक की शिनाख्त कबीर आजम (54) के रूप में हुई। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। वह पेशे से ऑटो चालक थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि घटना से पहले कबीर का अपने भतीजे बशीर से झगड़ा हुआ था। घटना के बाद लोगों ने उसे तेजी से भागते हुए देखा था। पुलिस को पता चला कि बशीर अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ मकान के भूतल पर रहता था और मुंडका स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। छानबीन में पता चला कि बशीर का पूरा परिवार घर से गायब है।

अतिरिक्त थाना प्रभारी नानग राम मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। तकनीकी आधार पर पुलिस ने 25 दिसंबर को आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बशीर ने बताया कि उसके चाचा संपत्ति को बेचना चाहते थे। जबकि उसका परिवार इस पक्ष में नहीं था।

# साहित्य के महाकुंभ में साहित्यकार 'शिखर' को मिला काव्य गौरव सम्मान एवं अंकुर काव्य रत्न सम्मान

**सच्ची घटनाओं पर आधारित शिखर की कहानी संग्रह 'मासूम और दरिंदे' का हुआ लोकार्पण**

नोएडा। अंकुर साहित्य परिवार द्वारा रविवार को भावांजलि उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कैप्टन विकास गुप्ता, राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार (चेयरमैन, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद) एवं बतौर विशिष्ट अतिथि लेखक, कवि एवं पत्रकार डॉ चेतन आनंद एवं गजलकार सैदा आराई द्वारा साहित्य के उक्त महाकुंभ में विभिन्न साहित्यकारों को अवार्ड प्रदान किया गया। कैप्टन विकास गुप्ता, राज्य मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि साहित्यकार समाज की दशा को परिलक्षित करता है। गाजियाबाद के डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव 'शिखर' को साहित्यिक योगदान हेतु काव्य गौरव सम्मान तथा अंकुर काव्य रत्न सम्मान कुल दो सम्मान मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा प्राप्त




हुआ। अंकुर काव्य सारथी सम्मान डॉ. राम कुमार झा निकुंज को, अंकुर काव्य सारथी सम्मान गजलकार चंद्र स्वरूप बिसरिया को, अर्जुन साहित्य श्रेष्ठ अवार्ड डॉ. अशोक को तथा कविवर गोपाल दास नेपाली साहित्य शिरोमणि अवार्ड एस पी दीक्षित को, अंकुर काव्य रत्न सम्मान नीलम हस्तीर को, सामाजिक धर्म एवं साहित्य अवार्ड आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री को, साहिब-ए-ग़ज़ल सम्मान राजेश मेहरोत्रा राज को तथा खुशबू-ए-गजल अवार्ड सुनीता सोनू को प्रदान किया गया। चेतन आनंद एवं शैदा आराई को डॉ. कुंवर बेचैन साहित्य सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न साहित्यकारों चंद्र स्वरूप बिसरिया की पुस्तक नींद हमारी ख्वाब तुम्हारे तथा भींगा दर्द, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर की सच्ची कहानियों पर आधारित मासूम और दरिंदे पुस्तक, डॉ राम कुमार झा निकुंज के दोहा संग्रह पुस्तक यायावार एवं मधुमिता, डॉ अशोक की पांच पुस्तकों अरुणिमा, काकतंडी, प्रदीप, ब्रह्मकमल, नरगिस तथा नीलम हस्तीर की पुस्तक चलो बुलावा आया है का विमोचन मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा किया गया।

उक्त अवसर पर आयोजित काव्य पाठ में डॉ सुनील शर्मा ने मुझको आगोश में ले लो मैं परेशान सा हूं, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव 'शिखर' ने हम तो ठहरे सच्चे हिंदुस्तानी, डॉ अशोक ने मां तो मां है, डॉ राम कुमार झा 'निकुंज' ने सुख-दुख में हम यार, गजलकार चंद्र स्वरूप बिसरिया अपनी गजल निगाहों से मुहब्बत की हसीं तहरीर लिखे हैं से शमां बांधा। दिल्ली पुलिस के एसीपी जितेंद्र कुमार ने आंधी न सही तूफान न सही हवा का एक झोंका ही काफी है जीवन के लिए सुनाकर वाहवाही लूटी। मीनाक्षी शर्मा ने अंबर भी बेचैन है, गजलकार शैदा आराई ने मतलबी लोग जरूरत से बात करते हैं, माधुरी द्विवेदी ने तिनका तिनका होके बिखर जाऊंगी, अभिमन्यु पांडेय ने बाबुल मैं क्यों बड़ी हो गई, राजेश मेहरोत्रा राज ने गलतफहमी न पालो तो अच्छा है सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## संपादकीय

# भारतीय सेना में महिलाओं की बढ़ी ताकत

भारतीय सेना, जो देश की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, अब नहीं सिर्फ पुरुषों का खिलवार कर रही है बल्कि महिलाओं को भी सेना में एक नई ऊचाई तक पहुंचने का अवसर प्रदान कर रही है। इस लेख में, हम बात करेंगे कि कैसे महिलाएं भारतीय सेना में अपनी दक्षता, साहस, और अपने योगदान से सेना को मजबूत बना रही हैं। सेना में कर्नल जैसे पद पर बदलती तस्वीर का मुख्य आधार करीब तीन वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय का आया वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसके तहत महिला अधिकारियों के लिए स्थायी आयोग की व्यवस्था की गई। सार्वजनिक जीवन में बढ़ती भागीदारी के बीच आमतौर पर हर क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ी है, मगर सैन्य बलों में स्वास्थ्य जैसी कुछ खास सेवाओं को छोड़ दें, तो उनकी संख्या संतोषजनक नहीं थी। इसीलिए एक तरह से वहां असंतुलन दिखता रहा। हालांकि कुछ समय पहले इस क्षेत्र में महिलाओं को मौके देने को लेकर कई स्तर पर प्रयास शुरू हुए और अब उनके नतीजे आने शुरू हो गए हैं। खबर के मुताबिक, आजादी के पचहत्तर वर्षों के बाद अब पहली बार यह आंकड़ा सामने आया है कि मौजूदा वर्ष यानी 2023 में सेना ने कुल एक सौ अट्ठाईस महिलाओं की स्थायी नियुक्ति के साथ-साथ कर्नल जैसे उच्च पद के लिए उनका चयन किया है।

इसके लिए इस वर्ष कुल चार बार पदोन्नति बोर्ड का गठन किया गया और अब चयनित महिला अधिकारियों को सेना में युद्ध के मोर्चे को छोड़ कर बाकी अन्य शाखाओं में तैनात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि इसी वर्ष जनवरी में पदोन्नति बोर्ड ने एक सौ आठ महिलाओं को स्थायी नियुक्ति के साथ कर्नल पद के लिए चुना था। उसके बाद अब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से सेना के उच्च पदों के ढांचे को समावेशी बनाने की दिशा में एक निरंतरता देखी जा सकती है।

**सशक्तिकरण का दौर :** आधुनिक भारत में, महिलाओं को सेना में सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं, जिससे उन्हें अपने दक्षता को बढ़ाने और सेना के साथ मिलकर सेवा करने का मौका मिला है।

**महिला सशस्त्र सेना :** विशेष रूप से बनाई गई महिला सशस्त्र सेना ने सेना में महिलाओं के लिए नए माध्यम प्रदान किए हैं, जिनसे उन्हें सेना के साथी बनने का अवसर मिला है।

**ब्रेवहार्ट्स और अद्वितीय साहस :** महिलाएं सेना में अपने ब्रेवहार्ट्स और अद्वितीय साहस के लिए प्रमुखता स्वीकार कर रही हैं, जैसे कि कप्तान तनया शर्मा और वायुसेना की वायुमार्शाला भावना कंथौर।

**मिसाइल विकसित करने में योगदान :** डॉ. तेसीला जी सागर, एक भूगोल वैज्ञानिक, ने भारतीय सेना के लिए मिसाइल विकसित करने में अपनी योगदानी दी हैं।

**समाज में परिवर्तन :** महिलाओं के सेना में योगदान से समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिससे समाज महिलाओं की सामरिक भूमिका को समझने में सक्षम हो रहा है।

**प्रेरणा और उत्साह :** महिला सैनिकों की अद्भुत कहानियां समाज में प्रेरणा और उत्साह बढ़ा रही हैं, और यह सेना में महिलाओं की भूमिका को मजबूती से साबित कर रहा है।

भारतीय सेना में महिलाओं की बढ़ती ताकत एक सकारात्मक और अद्वितीय परिवर्तन का प्रतीक है। इससे हमें यह सिखने को मिलता है कि महिलाएं न केवल अपने परिवार और समाज के लिए बल्कि देश के लिए भी समर्थन और सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं, और उन्हें इसमें पूरा समर्थन मिलना चाहिए।

# सच से पर्दा उठने का इंतजार

शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से राजनीतिक रंग दे दिया गया। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी और उसके तहत किसी प्रकार का घोटाला हुआ ही नहीं। फिर उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कि वह दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और उसे काम नहीं करने देना चाहती।

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तीसरी बार नोटिस भेजा है। पहली बार वे इस तर्क पर हाजिर नहीं हुए कि ईडी ने अपने पत्र में उन्हें बुलाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया था। तब उन्होंने पूछा था कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है, दिल्ली के मुख्यमंत्री या फिर आम आदमी पार्टी के संयोजक की हैसियत से। दूसरी बार के नोटिस पर भी उन्होंने लगभग इसी आशय का पत्र लिख कर स्पष्टीकरण मांगा और कहा था कि ईडी का नोटिस राजनीति से प्रेरित है।

हालांकि इस महीने मिले नोटिस में दिए गए समय पर वे अपने पहले से तय विपश्यना कार्यक्रम के लिए बाहर रहने वाले थे। अब शायद उनके पास ऐसा कोई तर्क न हो। अरविंद केजरीवाल लगातार बयान देते रहे हैं कि वे कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं और उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए स्वाभाविक ही पूछा जाता है कि अगर ऐसा है तो वे प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से बचने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। उन्हें निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखना ही चाहिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में ईमानदार हैं और शराब घोटाले में उनकी कोई भूमिका नहीं रही है।

मगर शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से राजनीतिक रंग दे दिया गया। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी और उसके तहत किसी प्रकार का घोटाला हुआ ही नहीं। फिर उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कि वह दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और उसे काम नहीं करने देना चाहती। मगर शराब घोटाला संबंधी जांचों में मिले तथ्यों के आधार पर आम आदमी पार्टी के दो नेता सलाखों के पीछे जा चुके हैं।

मनीष सिसोदिया और संजय सिंह दोनों की जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए अदालत कह चुकी है कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दोनों के इस घोटाले में शामिल होने के तथ्य मिले हैं। इसलिए अब दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के पास यह तर्क नहीं रह गया है कि दिल्ली शराब घोटाला उपराज्यपाल की तरफ से रची गई साजिश जैसा बेबुनियादी मामला है। इस मामले को लेकर पहले ही काफी भ्रम फैलाया जा चुका है, अब इसकी हकीकत पर से पर्दा उठने का इंतजार सभी को है। यह तभी हो सकता है, जब इससे संबंधित जांच पूरी हो सकें।

जब भी किसी सत्ताधारी दल या उसके नेता पर किसी अनियमितता के आरोप लगते हैं, तो वे प्राय-उन्हें बेबुनियाद और सरकार को अस्थिर करने की साजिश के रूप में ही प्रचारित करने का प्रयास करते हैं। इस तरह इतनी बार राजनीतिक बयानबाजियां और सड़कों पर धरने-प्रदर्शन आदि आयोजित किए जाते हैं कि आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन जाती है। जबकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपेक्षा की जाती है कि संबंधित नेता साक्ष्य के जरिए उन आरोपों को खारिज करें और जनता के सामने खुद को निर्दोष साबित कर सकें।

आम आदमी पार्टी के नेता और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी का दावा करते नहीं थकते। इसलिए अब उन्हें हकीकत सामने लाने में सहयोग करने से नहीं बचना चाहिए। यह भय दिखा कर लोगों को भ्रमित करने से भी बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता कि ईडी उन्हें जेल में डालना चाहती है।

# मूल निवास के आधार पर आरक्षण संविधान की कसौटी पर

**जयसिंह रावत**

इस वर्षान्त में मुट्ठीभर युवाओं द्वारा मूल निवास और मजबूत भूमि कानून की मांग को लेकर देहरादून में आहूत महारैली में जिस तरह जनसैलाब उमड़ पड़ा उसे उत्तराखण्ड की जनता की भावनाओं का उद्वेग ही कहा जा सकता है। चूंकि उत्तराखण्ड में अभी तक मूल निवास के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। इसलिए जनभावनाओं का यह विस्फोट फिलहाल लोगों की संस्कृतिक पहचान के लिए ज्यादा लगता है।

बाहरी लोगों द्वारा की जा रही जमीनों की खरीद फरोख्त पर मजबूत भू-कानून के जरिए रोक लगाने की मांग भी कमोवेश जनसांख्यिकी के असन्तुलन को रोक कर पहाड़ी लोगों की सांस्कृतिक पहचान अक्षुण रखने के लिए ही है। लेकिन मूल निवास का मुद्दा अन्ततः नौकरियों और अन्य सरकारी सुविधाओं तक ही पहुंचेगा जिसे संवैधानिक रुकावटों से गुजरना होगा, क्योंकि भारत का संविधान अपने नागरिकों को समानता के मौलिक अधिकार के साथ राज्य के अधीन किसी भी पद के संबंध में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, उद्भव, जन्मस्थान, निवास या इसमें से किसी के आधार पर भेदभाव की स्पष्ट मनाही करता है।

सवाल केवल उत्तराखण्ड के मूल निवास आन्दोलन तक सीमित नहीं है। मध्य प्रदेश की पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा जन्म के आधार पर राज्यवासियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की घोषणा की जा चुकी थी। मूल निवास के आधार पर विरोध और समर्थन की बहसों के बावजूद कुछ राज्यों में जन्म के आधार पर और कुछ में भाषा के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था लागू हो चुकी है। इसलिए आज मांग उत्तराखण्ड से उठ रही है तो कल देश के अन्य राज्यों में भी यह मांग उठेगी। आरक्षण का मुद्दा एक संवैधानिक विषय होने के कारण विभेद विहीन समान अवसरों की गांरटी देने वाले अनुच्छेद 16 के उपखण्डों में संशोधन भी संसद ही कर सकती है। इसलिए समय आ गया है कि केन्द्र सरकार इस संबंध में स्पष्ट नीति बना कर एक ही बार में संविधान में आवश्यक संशोधन करें।

मूल निवास या जन्म के आधार पर आरक्षण की बात उठती है तो संविधान के अनुच्छेद 16के उपखण्डों का जिक्र आवश्यक हो जाता है। भारत के संविधान में अनुच्छेद-16 सरकारी नौकरियों में अवसर की समानता को संदर्भित करता है जबकि अनुच्छेद 16(1) राज्य के अधीन किसी भी पद पर रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए अवसरों की समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 16(2) यह भी स्पष्ट करता है कि कोई भी नागरिक केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास के आधार पर राज्य के तहत किसी भी रोजगार या कार्यालय के लिए अयोग्य नहीं होगा या उसके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। लेकिन अनुच्छेद 16(3) इन कानूनों को अपवाद प्रदान करता है।

इसमें कहा गया है कि संसद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भीतर निवास के किसी विशेष स्थान की आवश्यकता निर्धारित करने वाला कोई भी कानून बना सकती है जिसमें सार्वजनिक पद या रोजगार हो। छूट देने की यह एक ऐसी शक्ति केवल स्पष्ट रूप से संसद में निहित है, न कि किसी राज्य विधानमंडल में। इसका मतलब यह है कि जन्म स्थान के आधार पर सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण के बारे में निर्णय केवल भारत की संसद ही ले सकती है, किसी राज्य की कोई विधायिका नहीं। संसद अब तक इस प्रावधान का लाभ आंध्र प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और हिमाचल प्रदेश को दे चुकी है। कुछ राज्यों को छूट देना और कुछ को छूट से वंचित रखना भी राज्यों के समानता के अधिकार का हनन है।



महाराष्ट्र में, जो कोई भी 15 साल या उससे अधिक समय से राज्य में रह रहा है, वह सरकारी नौकरियों के लिए तभी पात्र है, जब वह मराठी में पारंगत हो। तमिलनाडु भी ऐसी परीक्षा आयोजित करता है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने मूल निवास के बजाय भाषा को राज्य की सेवाओं में नियुक्ति का आधार बनाया है। इन राज्यों की सेवाओं की चयन प्रकृया में शामिल परीक्षाओं में राज्य की भाषा का ज्ञान आवश्यक विषय रखा गया है। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 371 में कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। संविधान के अनुच्छेद 371डी के तहत, आंध्र प्रदेश को निर्दिष्ट क्षेत्रों में स्थानीय कैडरों की सीधे भर्ती करने की अनुमति है।

संविधान निवास के आधार पर भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। संविधान के अनुच्छेद 19 (ई) के तहत, भारत के प्रत्येक नागरिक को भारत के किसी भी हिस्से में निवास करने और बसने का अधिकार है। इसके अलावा, भारत संघ के नागरिक के रूप में, किसी भी राज्य में किसी भी सार्वजनिक पद पर भर्ती होने पर भारतीयों के साथ उनके जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है।

संविधान कुछ प्रतिबंधों के बावजूद शैक्षिक आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े असमान लोगों को समानता के स्तर तक लाने के लिए अनुच्छेद 15 (4) और 16(4) के जैसे सकारात्मक प्रावधान भी करता है। ये प्रावधान राज्य को उन समुदायों के लिए उच्च शैक्षणिक स्थानों और नियुक्तियों में प्रवेश के आरक्षण के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देते हैं।

जन्म के आधार आरक्षण विवादित होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट भी इसके पक्ष में नहीं है। प्रदीप जैन बनाम भारत संघ के मामले में न्यायालय ने भूमिपुत्रों के लिए नौकरियाँ आरक्षित करने की नीतियों को संविधान का उल्लंघन माना था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य प्रतीत होगा, हालांकि कोर्ट ने इस पर कोई निश्चित राय व्यक्त नहीं करने का फैसला किया।

सन् 1995 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनंदा रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में, प्रदीप जैन वाले मामले के फैसले को बरकरार रखा और उस नीति को रद्द कर दिया, जिसमें शिक्षा के माध्यम के रूप में तेलुगु वाले उम्मीदवारों के लिए अंकों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेटेज की अनुमति दी गई थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रदीप जैन जजमेंट का हवाला देते हुए कहा था कि

अब यदि भारत एक राष्ट्र है और केवल एक ही नागरिकता है, अर्थात भारत की नागरिकता, और प्रत्येक नागरिक को भारत के पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने और भारत के किसी भी हिस्से में रहने और बसने का अधिकार है......। यह समझना मुश्किल है कि तमिलनाडु में अपना स्थाई घर रखने वाले या तमिल भाषा बोलने वाले नागरिक को उत्तर प्रदेश में बाहरी व्यक्ति कैसे माना जा सकता है... उसे बाहरी व्यक्ति मानना उसे उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करना और आवश्यक एकता को अस्वीकार करना होगा और देश के साथ ऐसा व्यवहार करके उसकी अखंडता को बनाए रखना जैसे कि वह स्वतंत्र राज्यों का एक समूह मात्र हो। लेकिन जब संसद कुछ राज्यों को जन्म या निवास के आधार पर आरक्षण देने की छूट दे चुकी है तो उसे अब समानता के अधिकार को समान बनाने की पहल भी करनी चाहिए।

वर्ष 2020 में हरियाणा कैबिनेट ने एक अध्यादेश पारित किया जिसमें स्थानीय लोगों के लिए निजी नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रवधान था। सन् 2008 में, महाराष्ट्र ने राज्य प्रोत्साहन चाहने वाले उद्योगों में स्थानीय लोगों के लिए 80 प्रतिशत आरक्षण की शुरुआत की थी, हालांकि इसे लागू नहीं किया गया था।

इसी तरह गुजरात ने भी 1995 में स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत आरक्षण की शुरुआत की और फिर भी यह नीति न तो निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में लागू की गई। जम्मू और कश्मीर में, सभी सरकारी नौकरियाँ अधिवासियों के लिए आरक्षित हैं। हालांकि, इस आरक्षण को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और उस पर निर्णय लंबित है। असम में असम समझौते की सिफारिशों को लागू करने के लिए सिफारिशें की गई हैं जो केवल उन लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करती हैं जो 1951 तक अपने वंश का पता लगा सकते हैं।

# भारतीय कुश्ती संघ तथा उसमें सुधार

भारतीय कुश्ती को जो प्रकरण तकरीबन एक साल से सता रहा है, रविवार को उसमें एक और मोड़ आया। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) को भंग कर दिया। जनवरी 2023 में, ओलंपिक पदक-विजेता साक्षी मलिक व बजरंग पुनिया, और विश्व चैंपियनशिप पदक-विजेता विनेश फोगाट ने तत्कालीन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और फेडरेशन के प्रशिक्षकों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। बाद में भारतीय जनता पार्टी के इस सांसद को नियंत्रण छोड़ने पर मजबूर किया गया। दिल्ली पुलिस ने उन पर पीछा करने (स्टाकिंग) और उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। लेकिन बीते गुरुवार को, उनके पुराने वफादार संजय सिंह को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सिंह और बृजभूषण-के-विश्वासपात्रों में शुमार उनके बाकी साथियों ने न सिर्फ 15 में से 13 सीटों पर कामयाबी हासिल की, बल्कि एक भी महिला को नहीं चुना गया। बृजभूषण सिंह के आवास (जो डब्ल्यूएफआई के दफ्तर का भी काम कर रहा था) के बाहर मालाओं से लदे बृजभूषण के बगल में संजय सिंह का खड़ा दिखना और दोनों का विजय चिन्ह दिखाना, यह बताने के लिए काफी था कि नियंत्रण किसके पास है। यह पहलवानों के लिए इतना निराशाजनक था कि रुआंसी साक्षी ने अपने संन्यास का एलान कर दिया, जबकि विनेश ने चेताया कि मौजूदा व्यवस्था में कोई भी महिला कुश्ती को महफूज नहीं समझेगी। शुक्रवार को, बजरंग ने विरोध में पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का फैसला किया।

शायद, शर्मसार करने वाले इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार को आखिरकार कार्रवाई करने पर मजबूर किया। खेल मंत्रालय ने सिंह की ओर से जल्दबाजी में और मनमाने ढंग से किये गये उस निर्णय का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने डब्ल्यूएफआई के संविधान की बाध्यता के अनुरूप महासचिव (प्रेमचंद लोचब) को विश्वास में लिये बगैर टूर्नामेंटों की बहाली का एलान किया।

लोचब डब्ल्यूएफआई के उन दो पदाधिकारियों में से एक हैं जो बृजभूषण के करीबी नहीं माने जाते। अन्य वजहों में संघ के कामकाज को 'पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसरों, साथ ही जहां कथित तौर पर खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न हुआ उन कथित परिसरों' से संचालित किया जाना शामिल है। संक्षेप में कहें तो, इस पूरी गंद ने वह सबकुछ उजागर कर दिया है जिससे भारत में खेलों का प्रशासन पीड़ित है। भले ही देश खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित करने के मामले में विविधता ला रहा है, मगर जो नौकरशाही खेलों को संचालित करती है वह संरक्षण-की-राजनीति की अवांछित विरासत ढो रही है। प्रमुख खिलाड़ियों के शक्तिशाली पदों पर बैठने का भी कोई फायदा नहीं है, क्योंकि वे ज्यादातर मामलों में अपने उन राजनीतिक आकाओं के आगे नतमस्तक हैं जिन्होंने उन्हें पद तक पहुंचने में मदद की। पहलवानों के मामले में, मशहूर खिलाड़ी पी.टी. ऊषा की अगुवाई वाले भारतीय ओलंपिक संघ ने अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया में हिचक दिखायी और जाने-माने खिलाड़ियों से बना एथलीट कमीशन भी चुप्पी साधे रहा।

## जिंदगी के हर पल

जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।

ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।

अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब,
आस्तीन के सांप कभी वफादार नहीं होते ।

गर नमक खाया वतन का तो अदा कर ,
नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते ।

जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर,
उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं होते

इस चकाचौंध से फिसल मत जाना संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होते



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

# भारत अमेरिका सहित दुनियां का अरबों डॉलर का व्यापार खतरे में आया



हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित दुनियां के कई देशों की टेंशन बड़ाई - मुकाबला करने 20 देशों का नौसैनिक संगठन बना

वैश्विक महंगाई व उथल-पुथल रोकने, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी घटनाएं होती है जिनका असर न केवल पूरी दुनियां के देशों और उनकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि वहां के एक आम नागरिक पर भी पड़ता है।मसलन पिछले करीब 2 वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध से पेट्रोलियम व अन्य पदार्थों का असर आम नागरिकों पर पढ़ते दिखाई दिया है। परंतु अब फिर इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है, जहां एक ओर सरकारी या निजी भरपूर नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर अनेक शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर से जाना बंद कर, लंबी फेरी लगाकर घूम कर आने के लिए बाध्य हो रहे हैं, जिसकी लॉजिस्टिक कास्ट बहुत हाई हो रही है जिससे खाद्य व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने और हर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी संकट खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा जारी हमले के कारण लाल सागर मार्ग से कारोबार करने वाली दुनियां की कई बड़ी शिपिंग फार्मो ने इस मार्ग पर अपने कारोबार रोक दिए हैं जिसके कारण पूरी दुनियां में यह पांच प्रभाव हो रहे हैं।(1) महंगाई बढ़ सकती है।(2) क्रूड ऑयल के दाम बढ़ रहे हैं।(3) ग्लोबल लेवल पर उथल-पुथल मच सकती है।(4) भारत के कोल इंपोर्टेड पर फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। (5) अमेरिका ने हूती हमले का जवाब देने के लिए 20 देशों का गठबंधन बनाया है। चूंकि हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां की टेंशन बड़ाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक महंगाई व उथल पुथल रोकने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला करने की करें तो ईरान का समर्थन करने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा यमन के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है जिसमें लाल सागर से जुड़ा पश्चिमी तट भी शामिल है। यहां से हूती विद्रोही हमास के समर्थन में हमले कर रहे हैं। हमले की जद में इजरायल के जहाजों सहित अमेरिका भारत सहित कुछ देशों के जहाज लपेटे में आ रहे हैं। दक्षिणी लाल सागर में एक ही दिन दो बड़े कारोबारी जहाजों पर ताबड़तोड़ ड्रोन अटैक करने के बाद हूती ने भारत और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों की टेंशन बढ़ा दी है। यूएस सेंट्रल कमांड ने 23 दिसंबर को एक बयान में कहा कि ईराम समर्थित हूती के कब्जे वाले यमन के क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिप लेन में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी गईं। उसके बाद ड्रोन अटैक किया गया। हालांकि, इन हमलों से किसी भी जहाज के अधिक प्रभावित होने की सूचना नहीं है। यूएस आर्मी का कहना है कि 17 अक्तूबर के बाद अब तक हूती की तरफ से किसी कमर्शियल जहाज पर हमले की 15वीं घटना है।हूती आतंकियों ने लाल सागर और हिंद महासागर को जोड़ती बाब-अल मंदाब की खाड़ी में इंटरनेशनल और कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाया है। दक्षिण लाल सागर का यह हिस्सा कंटेनर, कार्गो और पैसेंजर शिप्स के लिए सबसे बेहतर रूट माना जाता है। भारत और यूरोप के बीच समुद्री व्यापार के लिए भी सबसे मुफीद रूट है।बाब-अल-मंदाब एक अरबी शब्द है। इसका मतलब आंसू का द्वार होता है। लाल सागर और स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर और हिंद महासागर को जोड़ने वाला समुद्री व्यापार मार्ग अरेबियन पेनिनसुला को अफ्रीका से अलग करती है। इसके बंद होने से यूरोप की ओर जाने वाले मालवाहक जहाजों को अफ्रीका के निचले सिरे पर स्थित केप ऑफ गुड होप होते हुए सफर करना होगा। भारत समेत पूरे एशिया के समुद्री व्यापार पर इसका बुरा असर होगा। इजरायल-हमास जंग के बाद इस समुद्री रास्ते पर कारोबारी जहाजों को लगातार निशाना बनाए जाने से चिंतित होकर अमेरिका ने ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, बहरीन और नॉर्वे सहित 20 देशों का एक नौसैनिक संगठन बनाया है. वहीं, भारतीय पीएम ने 19 दिसंबर को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू से फोन पर बातचीत की है।

साथियों बात अगर हम आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचने की करें तो, पिछले हफ्ते, दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियों में से ज्यादातर ने कहा है कि वे यमन स्थित हूथी विद्रोहियों द्वारा इस्राएल-हमास युद्ध के दौरान मालवाहक जहाजों पर मिसाइलें दागने के बाद लाल सागर और स्वेज नहर से जाने से बचेंगे।इस वजह से, सुदूर पूर्व से यूरोप की ओर जाने वाले जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप के माध्यम से पूरे अफ्रीकी महाद्वीप का चक्कर लगाना होगा। यात्रा में एक सप्ताह से अधिक समय लगेगा और यह यात्रा करीब 3,500 समुद्री मील यानी करीब 6,482 किलोमीटर की होगी।स्वेज नहर, लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है और इसकी वजह से यह यूरोप और एशिया के बीच सबसे छोटा मार्ग है। वैश्विक शिपिंग यातायात का लगभग 12 फीसद आमतौर पर जलमार्ग से गुजरता है। ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के बाद, दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियां लाल सागर और स्वेज नहर से दूरी बना रही हैं।

तो क्या हम एक और आपूर्ति श्रृंखला के संकट का सामना करने वाले हैं शिपिंग कंपनियों की लागत आसमान छू रही है।उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि यह निर्णय पहले से ही शिपिंग माल की लागत को काफी प्रभावित करता है। ऐसे में यदि यह एक विस्तारित संकट बन जाता है, तो उपभोक्ताओं के लिए आयातित वस्तुओंकी कीमत और ज्यादा बढ़ सकतीहै।

साथियों बात अगर हमविश्लेषकों के विचारों की करें तो आपूर्ति श्रृंखला आज ज्यादा मजबूत हैं।हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लगभग सामान्य हो गई हैं, लेकिन लाल सागर में सुरक्षा खतरे के कारण अगले कुछ हफ्तों में कीमतें दोगुनी हो सकती हैं। पिछले महीने पनामा नहर में सूखे के कारण अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले जलमार्ग पर चलने वाले जहाजों की संख्या पर अंकुश लग गया जिसके बाद वैश्विक माल ढुलाई की दरें पहले से ही बढ़ने लगी थीं।सौभाग्य से, शिपिंग उद्योग ने कोविड आपूर्ति श्रृंखला संकट के बाद से सबक सीखा है और कई कंपनियों ने अपने मालवाहक जहाजों के बेड़े का विस्तार किया है, जिसका मतलब है कि लाल सागर के किसी भी स्थायी मार्ग परिवर्तन का प्रभाव उतना विनाशकारी नहीं होगा। फिलहाल हमारे पास क्षमता से अधिक कंटेनर जहाज हैं, इसलिए सबसे खराब स्थिति में भी जहां हमें कुछ समय के लिए अफ्रीका के आसपास जाना जारी रखना है, हमारे पास ऐसा करने के लिए दुनिया भर में कंटेनर जहाज हैं।अमेरिका ने लाल सागर में समुद्री वाणिज्य की सुरक्षा के लिए एक बहु-राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है।

नई दिल्ली
मंगलवार 26 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### प्राइवेट स्कूलों में 20 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन

मेरठ। (पीएमए) दुर्बल एवं मध्यम परिवार के बच्चों का शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 20 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। इन बच्चों का प्रवेश नि: शुल्क होगा। नए शैक्षिक सत्र में आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने लगी है। नए सत्र के लिए आरटीई के तहत प्रवेश लेने के लिए प्रथम चरण के 20 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे। ये ऑनलाइन आवेदन 16 फरवरी 2024 तक होंगे। उसके बाद ऑनलाइन आवेदन के सत्यापन आदि की प्रक्रिया आरंभ होगी। आवेदन करने वाले बच्चों को स्कूल का आवंटन लॉटरी सिस्टम से होगा। इस योजना से चयनित बच्चों को निजी स्कूलों में मानक के अनुरूप प्रवेश दिलाया जाएगा। जरूरतमंद व मध्यम परिवार के बच्चे भी आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश लेकर ज्ञान प्राप्त कर अपना भविष्य संवारेंगे।
जिला बेसिक शिक्षा अधिकार ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश को ऑनलाइन आवेदन 20 जनवरी से आरंभ होगी। इस योजना में बच्चों की प्रारंभिक पढ़ाई नर्सरी से कक्षा एक के लिए ही स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है।

### एफआई टावर के ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

लखनऊ। लखनऊ के एफआई टावर के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी है। क्रिसमस की छुट्टी के दिन हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजन राय और जस्टिस जसप्रीत की बेंच ने स्टे लगाने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि एलडीए के चेयरमैन एफआई टावर के ध्वस्तीकरण पर तत्काल रोक लगाए। दरअसल एफआई टावर के सातवें और आठवें फ्लोर के 24 फ्लैट को एलडीए ने बीते दिनों अवैध घोषित किया था। एलडीए ने इसके ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस भी चस्पा किया था। जिसके बाद फ्लैट में रहने वाले परिवारों ने हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मामले के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक लगाने के आदेश दिए हैं। इससे पहले रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एफआई टावर की पार्किंग में बनी दुकानों को ध्वस्त किया था। साथ ही एफआई हॉस्पिटल को भी सील कर दिया था। एफआई टावर और एफआई हॉस्पिटल मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर सिराज अहमद का है। लखनऊ पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### रिंग सरेमेनी में दलित युवक की हत्या

इटावा। इटावा में दलित दिव्यांग की चेहरा कूचकर हत्या कर दी गई है। युवक की भांजी की रिंग सेरेमनी थी। रात में 2 दोस्तों ने उसे पहले शराब पिलाई। फिर गेस्ट हाउस से बाहर ले गए। यहां पहले उसको मारा-पीटा। इसके बाद ईंट से चेहरा कूच दिया। वारदात के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। सुबह घर वालों युवक का शव खून से लथपथ मिला। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच करने में जुटी हुई है। फोरेंसिक टीम को बुलाया है। पूरा मामला बकेवर इलाके की इंदिरा कालोनी का है। मृतक युवक का नाम अनिल कुमार (30) है। रविवार रात अनिल की भांजी की गोद भराई थी। रस्म घर के पास के ही गेस्ट हाउस में थी। परिवार के सभी लोग गेस्ट हाउस में ही मौजूद था। अनिल कुमार भी अपने दो दोस्तों शेखर और अशोक के साथ शामिल होने आया था। अनिल कुमार ने पहले अपने दो दोस्तों के साथ शराब का पी। इसके बाद इन लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हालांकि मामला उस वक्त शांत हो गया। इसके बाद अनिल दोस्तों के साथ गेस्ट हाउस के बाहर गया। यहां उसकी दोस्तों ने हत्या कर दी। इसके बाद फरार हो गए। पुलिस को मौके से तीन ग्लास, तीन देशी के क्वार्टर शराब, गेस्ट हाउस से लाई गई नमकीन, स्लाद की प्लेट और हत्या में इस्तेमाल आधी ईंट भी बरामद हुई है।

### अलीगढ़ में सड़क हादसे में दो की मौत

अलीगढ़। अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र में फैक्ट्री में काम करने जा रहे दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। दोनों युवक सुबह अपने घर से फैक्ट्री पर जाने के लिए निकले थे, इसी दौरान अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर यह हादसा हो गया। बाइक को टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर जमा भीड़ ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवकों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रोरावर थाना क्षेत्र निवासी दोनों युवक शाहपुर कुतुब की मीट फैक्ट्री में एक साथ काम करते थे। मृतक के चचेरे भाई तेजवीर ने बताया कि उसका भाई अभिषेक और उसका दोस्त कुलदीप एक साथ फैक्ट्री में काम करते थे। हर दिन एक साथ ही फैक्ट्री में काम करने के लिए जाते थे। दोनों बाइक पर सवार होकर सोमवार सुबह भी वह फैक्ट्री पर जाने के लिए ही एक साथ निकले थे। इसी दौरान हाईवे पर यह हादसा हो गया। आसपास के लोगों ने ही दोनों को उठाया और फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब उन्हें सूचना दी तो परिवार के लोग दौड़कर जिला अस्पताल पहुंचे। लेकिन तब तक डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# अटल जी की रखी आधारशिला पर मोदी सरकार कर रही भारत का विकास : योगी

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्री व भाजपा नेताओं ने अटल जी को नमन किया**

लखनऊ। (पीएमए) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्री व भाजपा नेताओं ने अटल जी को नमन किया।
सभी ने अटल जी की जयंती अवसर पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत माता के महान सपूत भारत रत्न अटल जी की आज पावन जयंती है।
इस अवसर पर अटली जी की सभी स्मृतियों को नमन करते हुए उनके श्री चरणों में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम सब जानते हैं कि अटल जी भारत की राजनीति के अजात शत्रु थे। भारत को राजनीतिक



अस्थिरता से उबारने का काम किया था। देश की राजनीति में पारदर्शिता एवं शुचिता का एक आदर्श प्रतिमान उन्होंने रखा था।
यही कारण है कि आज पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के जो नए प्रतिमान स्थापित किये हैं जिसकी आधारशिला अटल जी ने अपने शासन काल में रखी थी।
योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिवस सुशासन दिवस के रूप में भाजपा और सरकारें अटल जी की जन्म जयंती मना रही हैं। अटल जी को याद कर रही हैं। जिन मूल्यों व आदर्शों के साथ अटल जी ने जीवन जिया था, उन्हीं मूल्यों और आदर्शों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प ले रही हैं।
अटल जी की जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष भी है। हम सब जानते हैं कि अटल जी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में हुआ था।
लेकिन उन्होंने कर्मभूमि के रूप में उप्र को चुना। साथ ही उन्होंने शिक्षा भी यहीं ग्रहण किया। आगरा में उनकी पैत्रिक भूमि है। सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता एवं शुचिता का आदर्श रखा है।
साहित्य और पत्रिका के क्षेत्र में भी उनका अहम योगदान रहा है। आज हम सब उन्हें नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, पूर्व मंत्री व एमएलसी मोहसिन रजा, एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला, विधायक पंकज सिंह, नीरज बोरा, लालजी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला, आलोक अवस्थी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम योगी के नाम पर करोड़ों की ठगी : दो गिरफ्तार

लखनऊ/ गोरखपुर। (पीएमए) योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर से सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। दो ठगों ने सीएम योगी का नाम व पता इस्तेमाल करके देश भर के लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए हैं। दोनों ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में स्थित गोरखनाथ मठ के महंत भी हैं। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश में उन्हें योगी के नाम से ही जाना जाता है। उत्तर प्रदेश के दो अलग-अलग शहरों के रहने वाले दो ठगों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लोग इन जालसाजों के झांसे में आसानी से आ जाएं इसके लिए इन्होंने अपने नाम में 'योगी' टाइटल जोड़ रखा था। कंपनी का नाम भी 'योगी कॉर्पोरेशन ग्रुप ऑफ इंडिया' रख रखा था। इतना ही नहीं कंपनी का पता इन्होंने गोरखनाथ मंदिर दर्शाया था।
गोरखपुर पुलिस ने जानकारी दी कि 'योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया' नामक संस्था बनाकर लोगों को बीजेपी संगठन में पद दिलाने का वादा करने वाले दो घोटालेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाने के लिए अपने नाम के साथ 'योगी' और पते के रूप में गोरखनाथ मंदिर दर्ज कर रखा था।
पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि गाजियाबाद निवासी हर्ष चौहान उर्फ योगी हर्षनाथ और महाराजगंज निवासी योगी केदारनाथ उर्फ केदारनाथ अग्रहरि को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गैंगस्टर लगने से अब उनकी पूरी जिंदगी जेल में कटेगी। बताया कि पकड़े गए दोनों जालसाज पूरे देश में 1100 रुपये प्रति वर्ष पर सदस्यों का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर रहे थे। सदस्यों को वे लोग फर्जी आइकार्ड आदि पकड़ा देते थे और उनसे पैसे ले लेते थे।

## जमीन को लेकर पड़ोसियों में विवाद, महिला की पीटकर हत्या

देवरिया। देवरिया में रविवार की देर रात जमीन को लेकर दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हुई और ईंट पत्थर चले। जिसमें मदीना खातून की पीटकर हत्या कर दी गई। उनके पति, ननदोई और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात है। घटना महुआडीह थानाक्षेत्र के समोगर गांव के फुलवरिया टोला की है। फुलवरिया टोला में मुर्तुजा के दो बेटे अलीहसन और नूरमुहम्मद हैं। इसमें अलीहसन की मौत हो चुकी है। मुर्तुजा अपनी मृत्यु से पहले छोटे बेटे की पत्नी आमिना के नाम से अपना कुल 32 कट्ठा खेत बैनामा कर दिया। इस बात की जानकारी बड़े बेटे को हुई तो आपस में विवाद हो गया। आगे चलकर पंचायतन आमिना ने 8 कट्ठा खेत मदीना के नाम से वापस बैनामा कर दिया। उसके बाद दोनों पक्षों में घर आदि बाकी जमीन की बंटवारे को लेकर आए दिन विवाद शुरू हो गया। मुर्तुजा की बेटियां और दामाद यहीं रहते हैं।

### फोटो खींचने पर विवाद

रविवार की रात को अलीहसन और नूरमुहम्मद के परिवार के बीच दरवाजे पर चल रहे रास्ते का फोटो खींचने को लेकर विवाद हो गया। फोटो अलीहसन का दामाद सिराजुद्दीन खींच रहा था। दूसरे पक्ष ने मना किया। इसी बात को लेकर ईंट पत्थर चलने लगा। दोनों तरफ से लोग घायल हुए।

## सड़क हादसे में कंपनी के सेल्समैन की मौत

झांसी। झांसी से ललितपुर जा रहे एक कंपनी के सेल्समैन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, रास्ते में एक एक्सीडेंट हो गया था। इस वजह से उनको अपनी बाइक रोकनी पड़ गई। तभी पीछे से आ रहे टैंकर ने उनको रौंद दिया। सेल्समैन की मौत के बाद परिजन रोते बिलखते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक का नाम गिरीश शर्मा (40) पुत्र कृष्ण नारायण शर्मा था। वह मूलरूप से जालौन के खकसीन गांव के रहने वाले थे। मृतक के पिता कृष्ण नारायण शर्मा ने बताया कि मेरा बेटा गिरीश शर्मा एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करता था। वह फिलहाल परिवार के साथ झांसी महानगर के तालपुरा में किराए पर रहता था।

# सीतापुर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

**वाहन ने बाइक सवार तीन दोस्तों को मारी टक्कर, बाजार से घर जाते समय हुआ हादसा**

**सीतापुर।** सीतापुर में बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चीख पुकार मच गई।
यहां बाइक सवार युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### एक बाइक पर सवार थे तीनों युवक

घटना लहरपुर कोतवाली इलाके की है। यहां लहरपुर विश्व मार्ग पर ग्राम रुढा भवनाथपुर के निकट देर रात एक सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी




के मुताबिक, ग्राम खानपुर सादात निवासी आजाद पुत्र मो. रफीक अपने साथी रियाजुद्दीन और सुहेल के साथ एक बाइक पर सवार होकर बाजार घूमकर अपने घर वापस जा रहे थे। बताया जा रहा है कि देर रात बिसवां लहरपुर मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार तीन युवक गंभीर घायल हो गए।

### तीन युवकों की हुई मौत

घटना के बाद वहां से गुजर रहे स्थानीय राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलो को अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।
परिवार वालों का कहना है कि तीनों अच्छे दोस्त थे और तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घूमने निकले थे लेकिन देर रात हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# सीतापुर में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा**

एजेंसी

**सीतापुर।** सीतापुर जिला महिला अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत से हड़कंप मच गया। परिवारीजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा काटा।
पूर्व भाजपा नेत्री ने भी पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। अधिवक्ता और पूर्व बीजेपी नेत्री ने डीएम को पत्र लिखकर पूरे मामले की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। जच्चा बच्चा की मौत के बाद पीड़ित परिवार बगैर पोस्टमार्टम के शव लेकर चला गया।

### गर्भ में हुई बच्चे की मौत

मामला सदर महिला अस्पताल का है। यहां प्रसव के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही उजागर हुई है।
जानकारी के अनुसार ग्राम तारापुर निवासी राजेन्द्र अपनी पत्नी सुनीता को रविवार की दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर महिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती।

### डीएम से की शिकायत

जच्चा बच्चा की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंची पूर्व बीजेपी नेत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता पूनम मिश्रा ने अस्पताल की सीएमएस और स्टॉफ पर आरोप लगाये। उन्होंने डीएम को पत्र लिखकर मामले की जांच कराये जाने की मांग की है। जच्चा बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काटा। आरोप है कि इस दौरान अस्पताल स्टाफ और मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भी परिजनों के साथ धक्का मुक्की कर बाहर निकाल दिया। सिस्टम की बेसुमारी से थक हराकर पति राजेन्द्र अपनी पत्नी के शव को लेकर वापस घर चला गया।

जिसके चलते ही देर रात सुनीता के पेट में बच्चे की मौत हो गयी। इसी के चलते कुछ देर बाद महिला ने भी अस्पताल के बेड पर दम तोड़ दिया। पति ने आरोप लगाया कि वह डॉक्टरों से महिला को रेफर करने के लिए गिड़गिड़ाता रहा लेकिन डॉक्टरों ने महिला को रेफर नहीं किया। जिससे उसके बच्चे और पत्नी दोनों की मौत हो गई।

## गोरखपुर में 12 लाख की लूट

गोरखपुर। गोरखपुर में 12 लाख की लूट हो गई। बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति को असलहा दिखाकर उससे रकम लूट ली। लेकिन, जब पुलिस पहुंची और जांच शुरू की तो पीड़ित अपना बयान बदलने लगा। उसने रुपए कहां से लाए और कहां लेकर जा रहा था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। क्योंकि रात से लेकर सुबह तक उसने पुलिस के सामने एक नहीं बल्कि चार लोगों का नाम लिया। लेकिन, जांच में उन सभी ने उसे रुपए देने की बात से इनकार कर दिया। ऐसे में पुलिस का शक हवाला कारोबार की ओर बढ़ रहा है। पुलिस इस मामले में हवाला एंगल पर जांच कर रही है। क्योंकि, इससे पहले भी बदमाश हवाला कारोबारियों से कई बार लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। हवाला कारोबार से जुड़ी घटनाओं में ही रुपए किसके थे और कहां जा रहे थे, इस बात का संदेश बना रहता है। जीतपुर रोड पर रविवार देर रात हुई है। पहले तो काफी देर तक बेलीपार और गीडा पुलिस में सीमा का विवाद उलझा रहा। लेकिन, फिर अफसरों के निर्देश पर गीडा पुलिस ने इस मामले को अपने थाने में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालां कि, अब तक घटनास्थल तय नहीं है। हालांकि, अभी पुलिस को पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। सही बयान मिलने के बाद तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज करेगी। स्स्कडॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, लूट की एक सूचना मिली है। पीड़ित अभी कई तरह के बयान दे रहा है। पुलिस और क्राइम ब्रांच जांच में जुटी हुई है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बाराबंकी डकैती का खुलासा, 7 गिरफ्तार

**एनकाउंटर में दो के पैर में लगी गोली, 21 किलो चांदी और 51 ग्राम सोना बरामद**

बाराबंकी। लखनऊ के नजदीक बाराबंकी में बर्तन कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। वारदात के 6 दिनों बाद पुलिस ने डकैतों को धर दबोचा है। फिल्मी स्टाइल से हुई इस डकैती में शामिल बदमाश फिल्मी स्टाइल से पकड़े गए हैं। रविवार की देर रात एनकाउंटर के बाद 7 बदमाशों को पकड़ा गया है। इनमें से दो के पैर में गोली लगी है।
पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए तमंचे बरामद किए हैं। बदमाशों के पास से डकैती की 21 किलो 200 ग्राम चांदी, 51 ग्राम सोना बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना में 12 बदमाश शामिल थे। इनमें से 7 अभी भी फरार चल रहे हैं।

### सबसे पहले एक नजर पूरे मामले पर

पूरा मामला कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज का है। यहां 18 दिसंबर को बर्तन कारोबारी शिव कुमार निगम के घर पर डकैती की गई थी। शिव कुमार सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखकर ब्याज पर पैसे देते थे। घर में आगे की ओर उनकी बर्तन की दुकान है। पीछे की तरफ वह अपनी दो बहनों के साथ रहते हैं। डकैतों ने शिव कुमार निगम और उनकी बहनों को बंधक बनाकर करीब तीन घंटे तक डकैती डाली।



डकैत शिव कुमार के यहां ग्राहक बनकर आए थे। दुकान के अंदर घुसते ही बदमाशों ने तमंचा तान दिया था। इसके बाद बहन को फंदे में लटकाकर जान से मारने की धमकी देते हुए डकैती की थी।

### अमरजीत था पूरी घटना की प्लानिंग

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पूरी घटना का मास्टर माइंड अमरजीत था। वह शिव कुमार निगम की दुकान पर आता-जाता था। पूरे इलाके में इस बात की चर्चा थी कि शिव कुमार के घर पर बहुत कैश और गोल्ड है। जितना इन्होंने डकैती की, उससे ज्यादा का अनुमान इन बदमाशों ने लगा रखा था। इलाके में जैसी चर्चा थी कि शिव कुमार अपने घर में जगह-जगह पैसे और जेवरात छिपाकर रखते हैं। उसी के आधार पर इन्होंने पहले रेकी की और इसके बाद डकैती के समय तलाशी की।

### दो करीबियों ने दिया वारदात को अंजाम

बकौल एसपी, अमरजीत के अलावा गणेशी नाम के बदमाश ने शिव कुमार के घर और दुकान की रेकी की। दोनों ही शिव कुमार के काफी करीबी थे। यही वजह थी कि यह लोग घर का कोने-कोने को जानते थे। यह उसी जगह तलाशी भी ले रहे थे, जहां चर्चा थी कि शिव कुमार निगम बड़े से घर में पैसे छिपाते हैं। एसपी ने कहा कि पीड़ित ने जितना बताया। उससे कहीं ज्यादा माल की बरामदगी की गई है। अभी और माल बरामद हो सकता है। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। कुछ को छोड़कर सभी का क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है। बता दें कि शिवकुमार की शिकायत में 4 किलो चांदी, 100 ग्राम सोना व 50 हजार रुपए लूटे जाने का जिक्र किया था। इसकी कुल कीमत 10-12 लाख रुपए होगी। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो चादर की 8-9 गठरी गाड़ी में लादी गई थी।

## हापुड़ में मिली खून से लथपथ महिला की डेड बॉडी

हापुड़। हापुड़ के थाना सिंभावली इलाके के अंतर्गत गांव खुलडिया में नहर पटरी के पास जंगल में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के सिर में चोट लगी है। जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।
जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर थाना सिंभावली इलाके के अंतर्गत गांव खुलड़िया में नहर पटरी के पास जंगल में झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा हुआ था। राहगीरों ने शव पड़ा देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।
पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 50 वर्ष है। उसके सिर में चोट लगी है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसपी अभिषेक वर्मा ने भी पुलिस बल के साथ घटना स्थल का दौरा किया। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुटी है।
थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल शिनाख्त के प्रयास जारी है।

# क्रिसमस के कारण ताजमहल में दिखी भीड़

**लंबी लाइनों के कारण सुरक्षा कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत, तीन दिन में डेढ़ लाख पर्यटक पहुंचे**

आगरा। क्रिसमस पर ताजमहल पर भीड़ ने सभी व्यवस्थाएं ध्वस्त कर दीं। टिकट काउंटर से लेकर स्कैनिंग, क्लॉक रूम, प्रवेश और गोल्फ कार्ट तक के लिए पर्यटकों को लंबी लाइन में लगना पड़ा। ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर पर्यटकों की इतनी ज्यादा भीड़ थी कि सुरक्षाकर्मियों के ठंड में पसीने छूट गए। 60 हजार से ज्यादा लोगों ने सोमवार को ताजमहल का दीदार किया।
छुट्टियां शुरू होते ही ताजमहल पर पर्यटकों की संख्या में एकदम से उछाल आता है। क्रिसमस से लेकर नए साल तक ताजमहल पर बंपर भीड़ उमड़ती है। शनिवार से लेकर सोमवार तक डेढ़ लाख से ज्यादा पर्यटक ताजमहल का दीदार कर चुके हैं, लेकिन इतनी भीड़ में सारी तैयारी और व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। सोमवार को टिकट काउंटर इतनी ज्यादा भीड़ थी कि पर्यटकों को एक टिकट खरीदने के लिए एक घंटे का समय लग रहा था। यह हाल तब था, जब आधे से ज्यादा पर्यटकों ने ऑनलाइन टिकट बुक की हुई थी। प्रवेश के लिए भी मारामारी थी। पर्यटकों में धक्का मुक्की भी हुई। सुरक्षाकर्मियों ने पर्यटकों को लाइन में लगाने के लिए उनसे धक्का भी दिया। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। एएसआई ने पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण कर्मचारियों के 31 दिसंबर तक छुट्टियां भी कैंसिल कर दी हैं। इसके बावजूद भीड़ को व्यवस्थित करने में कर्मचारियों की संख्या कम पड़ रही है। एएसआई अधिकारियों का कहना है कि नए साल तक दूसरे एतिहासिक इमारतों से कर्मचारियों को यहां बुला लिया जाएगा।

### गोल्फ कार्ट के लिए भी करना पड़ा इंतजार

पर्यटकों को पूर्वी गेट पर शिल्पग्राम पार्किंग और पश्चिमी गेट पार्किंग पर गोल्फ कार्ट के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। गोल्फ कार्ट आते ही फुल हो जाती थीं। हालांकि एडीए द्वारा पिछले दिनों ही गोल्फ कार्ट की संख्या बढ़ाई गई है। एडीए का दावा है कि पूर्वी और पश्चिमी गेट पर 40 गोल्फ कार्ट चल रही हैं।

# सोनभद्र में युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**खेत किराए पर लेकर करता था खेती, देर रात खेत की रखवाली करने गया था**

सोनभद्र। सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र के इकदिरी गांव के पिपराखाड़ टोला में 25 वर्षीय युवक का शव बेल के पेड़ से मफलर के सहारे लटकता मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची बभनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूधी भेज दिया। बभनी थाना क्षेत्र के इकदीरी गांव के पिपराखाड़ टोला में 25 वर्षीय दीपक पुत्र रामसजीवन निवासी चैनपुर का शव मफलर के सहारे बेल के पेड़ से रामधनी बैगा के घर के सामने लटकता मिला।
मृतक रात्रि नौ बजे चैनपुर अपने घर से खाना खाकर घर से छ किमी दूर टमाटर के खेत पर सुरक्षा के लिए पहुंचा था।
इकदीरी के पिपराखाड़ गांव में बृजनारायण के खेत को किराए पर लेकर दो वर्षों से खेती कर रहा था।
सोमवार की सुबह युवक का शव पिपराखाड़ में रामधनी के घर के पास शव लटकता मिला। रामधनी की पुत्री सीता सुबह शौच के लिए निकली तो शव देख कर शोर मचाने लगी और परिजनों को सूचना दिया।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सूचना पर पहुंचे बभनी एस आई तेज बहादुर सिंहने शव को ग्रामीणों की मदद से उतरवाकर उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गयी। वहीं मृतक के पिता राम सजीवन गुप्ता का कहना है कि मेरा लड़का फांसी नहीं लग सकता उसकी हत्या हुई है प्रशासन से इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## शार्ट न्यूज

### अब नाइकी में होगी छंटनी

नई दिल्ली। 2023 में छंटनी की लहर से कोई भी सेक्टर अछूता नहीं रहा। फिर कंपनी चाहे प्रौद्योगिकी हो, खुदरा हो या फैशन का कारोबार करने वाली हो सभी इसकी चपेट में आ गए। अब, प्रमुख परिधान ब्रांड नाइकी ने घोषणा की है कि वह नया साल शुरू होने से पहले सैकड़ों नौकरियों में कटौती करने की योजना बना रहा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, नाइकी सैकड़ों नौकरियों में कटौती कर 2 बिलियन डॉलर बचाते हुए ऑटोमेशन की योजना पर काम कर रहा है। पिछले एक साल में खराब बिक्री के कारण कंपनी ने विभिन्न विभागों की लागत में कटौती का फैसला किया है। एक बयान में, अमेरिका स्थित खेल परिधान फर्म ने कहा कि उन्होंने इस संगठन को सुव्यवस्थित का निर्णय लिया है और पुनर्गठन के कारण छंटनी पर 450 मिलियन डॉलर खर्च करेगा। नाइकी में अभी तक 2023 में बिक्री में कोई बड़ी वृद्धि नहीं दिखी है। कंपनी की पिछले तीन महीनों में बिक्री में केवल 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा मार्जिन जरूर बढ़ा लेकिन वह अपने खुदरा भविष्य को लेकर अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि बिक्री में गिरावट जारी है। बीते कुछ समय में नाइकी में ना केवल बिक्री स्थिर है बल्कि घंटों के कारोबार के बाद कंपनी के शेयरों की कीमतें 10 प्रतिशत तक गिर गईं है। नाइकी अकेली खेल परिधान कंपनी नहीं है, जिसके शेयर की कीमतों में गिरावट आई है, जेडी स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स डायरेक्ट जैसी अन्य फर्मों को भी शेयर बाजार में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है।

### भारत के आर्थिक विकास से उद्योग जगत में मांग बढ़ेगी, रेटिंग एजेंसी फिच ने जताई उम्मीद

नई दिल्ली । शीर्ष क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने उम्मीद जताई है कि भारत में आर्थिक विकास की वजह से उद्योग जगत में मांग बढ़ेगी। बता दें कि फिच ने एक नई रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्ष इंडिया कॉरपोरेट्स-सेक्टर ट्रेंड्स 2024 है। फिच ने कहा है कि साल 2023 में उद्योग जगत का प्रदर्शन बढ़िया रहा और यह अहम ओवरसीज मार्केट की धीमी रफ्तार से भी उबरने में सक्षम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांग बढ़ने से लागत का दबाव भी कम होगा और अगले वित्तीय वर्ष में इससे उद्योगों का लाभ भी बढ़ेगा। भारत में घरेलू स्तर पर मजबूत मांग है और उम्मीद है कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकास करने वाला देश बनेगा। फिच ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। बता दें कि यह अनुमान तब है जब वैश्विक परिदृश्य पर कई चुनौतियां हैं। फिच की रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी और पेट्रोलियम उत्पादों की मजबूत मांग बढ़ेगी और यह कोरोना से पूर्व वाले मांग स्तर से भी ज्यादा रहेगी। भारत में आधारभूत ढांचे में हो रहे विकास के चलते स्टील की मांग भी बढ़ेगी। अमेरिका और यूरोप में आईटी सेवाओं की ग्रोथ धीमी हो रही है लेकिन भारत में यह भी मजबूत रहेगी। भारत में घरेलू स्तर पर ऑटो सेक्टर की तेजी से ऑटो सेक्टर में ऑटो सप्लायर्स का राजस्व बढ़ेगा और पर्यटन के क्षेत्र में भी तेजी देखी जाएगी।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी ने किया 1,799 मेगावाट सोलर बिजली सप्लाई का एग्रीमेंट

देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस PPA पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000 मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है। कंपनी को जून, 2020 में SECI से यह अनुबंध मिला था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहा, ''अदाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अदाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है।'' कंपनी ने SECI की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। इसमें दो गीगावाट क्षमता की पीवी (फोटो वोल्टिक) सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करना शामिल है।

### भारत और आसियान मुक्त व्यापार समझौते में होंगे बदलाव, जिससे व्यापार में होगा इजाफा

भारत और 10 देशों वाले संगठन आसियान के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर समीक्षा बैठक जल्द शुरू होगी। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बैठक में इस समझौते को ज्यादा आधुनिक और नए दौर के मुताबिक प्रासंगिक बनाने पर चर्चा होगी। आसियान देशों के प्रमुख अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल 18-19 फरवरी को बातचीत शुरू करने के लिए आ सकता है। आसियान देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलिपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। व्यापार समझौते पर अगस्त 2009 में हस्ताक्षर हुए थे और यह 2010 से लागू है। उपरोक्त उल्लिखित अधिकारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, 'मौजूदा एफटीए पर पूरी तरह से नए सिरे से विचार किया जाएगा। रूल्स आफ ओरिजिन को लेकर अलग से एक विस्तृत अध्याय होगा। व्यापार के उपाय पर समझौते में एक अलग अध्याय होगा।' अधिकारी के मुताबिक, इसके पीछे इस व्यापार समझौते को और आधुनिक बनाए जाने का विचार है, क्योंकि यह एफटीए 13 साल पहले हुआ था और हमें इसे अद्यतन करने व समय बदलने के साथ इसमें कुछ चीजों में बदलाव की जरूरत है। किसी भी एफटीए में रूल्स आफ ओरिजिन से यह मानदंड तय किया जाता है कि कौन सी वस्तु मुक्त आयात की पात्र है। इसके पीछे व्यापक विचार यह होता है कि किसी तीसरे देश में बनाई गई वस्तुओं को भारत भेजने से बचा जा सके।

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में मजबूती, दलहन में गिरावट, दाल - चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेलों में लिवाली बताई गई। आज मूंगफली तेल ऊंचा बिका। तिलहन बने रहे। दलहन गिरावट लिए बताए गए। दाल में खरीदी रही। चावल में उठाव बताया गया।

#### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव साधारण बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा में लिवाली रही। साबूदाना में उठाव बताया गया। हल्दी में पूछपरख रही।

#### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में लिवाली से खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। आज मूंगफली तेल ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में भी मंदा दर्ज किया गया।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों में भाव नरमी लिए बताए गए। आज चना कांटा, तुअर के भाव ऊपर नीचे हुए। दालों में उठाव रहा इससे भाव बने रहे। चावल में पूछपरख साधारण बताई गई।

#### किराना

शक्कर 3940 से 3980 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 95 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2350 से 4000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 140 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700,



पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6200 से 6400, सोयाबीन 4650 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1580 से 1600, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 875 से 880, साल्वेंट 825 से 830, पाम तेल 870 से 875 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 5875 से 5900, चना विशाल 5700 से 5750, मसूर 5850 से 5900, तुअर निमाड़ी 8000 से 8700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 9300 से 9700, तुअर (कर्नाटक) 9800 से 10000, मूंग 8500 से 9600, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8200 से 8700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 7400 से 7900, तुअर दाल सवा नंबर 12600 से 12700, तुअर दाल फूल 13600 से 13800, तुअर दाल बोल्ड 14700 से 15200, आयातित तुअर दाल 11500 से 11600, मसूर दाल 7350 से 7650, मूंग दाल 9900 से 10200, मूंग मोगर 10500 से 10800, उड़द दाल 10600 से 10900, उड़द मोगर 11100 से 11400 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

# आईपीओ से करते हैं बंपर कमाई तो आपको भरना होगा टैक्स

निवेशकों ने इस साल शेयर बाजारों में जारी तेजी का जमकर लाभ उठाया है। उन्होंने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में निवेश कर मोटा मुनाफा बनाया है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने लिस्टिंग पर निवेशकों को 140 से 180% तक और इरेडा ने 100% तक मुनाफा दिया। इस लाभ को भुनाने के लिए भारी संख्या में निवेशकों ने लिस्टिंग के दिन या उसके कुछ दिनों बाद मुनाफे पर अपने शेयर बेचे होंगे। कर विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप लिस्टिंग के दिन या उसके कुछ दिनों बाद मुनाफा कमाने के बाद शेयर बेच देते हैं तो उस पर कर देनदारी बनती है। आईपीओ में मिले शेयरों की बिक्री पर भी कर उसी तरह लगता है, जैसे किसी सूचीबद्ध शेयर से होने वाली कमाई पर।

#### एक साल में बेचा तो 15 प्रतिशत कर

सूचीबद्ध होने के 12 महीने यानी एक साल के भीतर आईपीओ में आवंटित शेयरों को बेचकर मुनाफा कमाया है तो शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना होगा। यह कुल मुनाफे का 15 फीसदी होगा। इस पर 4 फीसदी उपकर भी देना होगा। वहीं, आईपीओ के सूचीबद्ध होने के 12 महीने बाद शेयर बेचकर मुनाफा कमाने की स्थिति में 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स भरना पड़ता है। एक लाख रुपये से ज्यादा मुनाफे पर ही एलटीसीजी टैक्स लगता है। आपने 600 रुपये के भाव पर आईपीओ में 25 शेयर खरीदे। एक साल में इसे 1,000 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेच दिया। इस तरह, आपको कुल 10,000 रुपये का शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स प्राप्त हुआ। अब इस कमाई पर आपको 15 फीसदी की दर से कर चुकाना होगा, जो 1,500 रुपये बनता है। इसके अलावा, चार फीसदी यानी 60 रुपये उपकर भी देना होगा। इस तरह, आपको कुल 1,560 रुपये कर के रूप में देना होगा। इसी भाव पर शेयरों को एक साल के बाद बेचते हैं तो कुल मुनाफे पर 10 फीसदी की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स कर भरना होगा, जो 1,000 रुपये बनता है।

#### कर सकते हैं घाटे की भरपाई भी

आईपीओ के सूचीबद्ध होने के बाद शेयरों की कीमत खरीदारी भाव से नीचे चली जाती है तो तो इस घाटे को अन्य शेयरों से हुए मुनाफे के साथ समायोजित कर सकते हैं। अगर छोटी अवधि में बेचे शेयरों में नुकसान हुआ है तो इसी अवधि में एक साल पहले बेचे गए अन्य शेयरों के मुनाफे से इसे समायोजित कर टैक्स संबंधी भरपाई कर सकते हैं।
हालांकि, आयकर विभाग लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर भरपाई की सुविधा नहीं देता है। कर एवं निवेश सलाहकार बलवंत जैन ने कहा कि आईपीओ से मुनाफे पर उसी हिसाब से कर लगता है, जैसे सूचीबद्ध शेयर से होने वाली कमाई पर। शेयर की होल्डिंग अवधि निवेश की तारीख से नहीं बल्कि शेयर आवंटन की तारीख से शुरू होगी। इसका मतलब है कि मुनाफे पर कर की गणना आईपीओ में आवंटित शेयर की तारीख से होगी।

### पेटीएम ने 1000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने परिचालन को अनुकूल बनाने और कर्मचारियों की लागत को 15 प्रतिशत तक कम करने के लिए छंटनी का फैसला किया है। कपनीं ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों कोबाहर कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार पेटीएम के विभिन्न विभागों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। बीते कुछ महीनों के दौरान हुई छंटनी के तहत भुगतान, उधार, संचालन और बिक्री जैसे डिवीजन प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार करीब कंपनी के कुल कार्यबल का करीब दस प्रतिशत छंटनी की चपेट में आया है। हालांकि पेटीएम के एक प्रवक्ता ने नौकरियों में कटौती की संख्या से असहमति जताई, लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि बदलाव किए जा रहे हैं। सूत्र ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कर्मचारियों की लागत में 10-15 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य है। अपने कार्यबल पर प्रभाव को कम करने के लिए, पेटीएम कुछ भूमिकाओं को बदलने के लिए एआई के इस्तेमाल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर

एजेंसी

नयी दिल्ली। उठाव सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : क्रिसमस पर अवकाश के कारण मलेशिया बुरसा डेरिवेटिव एक्सचेंज और अमेरिकी बाजार में कारोबार बंद रहा।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :

दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4600-4700 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 13187 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 12454 रुपये, सोया रिफाइंड 11429 रुपये, पाम ऑयल 8333 रुपये और वनस्पति तेल 9866 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# वायुसेना के पूर्व स्क्वाड्रन लीडर अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में दोषी

नई दिल्ली। सीबीआई की एक विशेष अदालत ने वायुसेना के एक पूर्व स्क्वाड्रन लीडर को फंड्स के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराया है। उनपर कथित तौर एक पूर्व कांग्रेस सांसद की लैंड डील में मदद करने का आरोप हैं। पूर्व स्क्वाड्रन लीडर पर आरोप है कि उन्होंने ऐसा कर 40.36 लाख रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे स्क्वाड्रन लीडर पोलू श्रीधर को अदालत ने कोई राहत नहीं दी और उन्हें ऐसी संपत्ति अर्जित करने का दोषी ठहराया जिसका संतोषजनक हिसाब नहीं दिया जा सका। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत अगले साल दो जनवरी से सजा पर दलीलें सुनना शुरू करेगी।

सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि एक जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2010 के बीच एक्सिस बैंक में उनके तीन खातों में 11.9 करोड़ रुपये जमा किए गए। यह पैसा कथित तौर पर कांग्रेस के पूर्व सांसद बालाशोवरी वल्लभनेनी का था और इसे 12.5 करोड़ रुपये के भूमि सौदे के लिए खर्च किया जाना था।

सीबीआई ने 27 सितंबर, 2016 को श्रीधर, बालाशोवरी और बैंक मैनेजर मनीष सक्सेना के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने छह साल बाद 24 नवंबर, 2022 को श्रीधर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया क्योंकि उसे वल्लभनेनी और सक्सेना के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिले।

एजेंसी ने अपने आरोपपत्र में अवैध संपत्ति की मात्रा 11.9 करोड़ रुपये से घटाकर 40 लाख रुपये कर दी क्योंकि उसने पाया कि पूर्व सांसद ने श्रीधर के खातों का इस्तेमाल करते हुए अपने पैसे से जमीन खरीदी थी। सुनवाई के दौरान श्रीधर ने दावा किया कि सीबीआई ने शेयर ट्रेडिंग, म्यूचुअल फंड और भूमि सौदों से अर्जित कमीशन से उनकी कमाई पर विचार नहीं किया।

# रिलायंस और वॉल्ट डिज्नी ने मीडिया बिजनेस के विलय का किया करार

नई दिल्ली । रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वॉल्ट डिज्नी के साथ 25 दिसंबर, 2023 को अपने भारतीय मीडिया बिजनेस के परिचालन से जुड़ा एक गैर-बाध्यकारी विलय समझौता किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में इसकी जानकारी दी गई है। विलय समझौते के तहत, रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास शेयरों और नकदी के संयोजन के माध्यम से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि डिज्नी शेष 49 प्रतिशत की हकदार होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिस्सेदारी पैटर्न से संकेत मिलता है कि मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह के पास अधिक शक्ति होगी।




#### फरवरी 2024 तक पूरा होगा सौदा

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सौदा फरवरी 2024 तक पूरा हो जाएगा, हालांकि, रिलायंस का उद्देश्य जनवरी, 2024 तक प्रक्रिया को पूरा करना है। दो हफ्ते पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कंपनी के अधिकारी मीडिया विलय के अगले चरण पर चर्चा करने के लिए लंदन में बैठक कर रहे थे।

#### जी, सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम से होगी प्रतिस्पर्धा

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह विलय भारत के सबसे बड़े मनोरंजन साम्राज्यों में से एक का निर्माण करेगा, जो जी एंटरटेनमेंट और सोनी जैसे टेलीविजन हितो वाली कंपनियों और नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे स्ट्रीमिंग दिग्गजों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। रिलायंस और डिज्नी स्टार का सौदा विलय के बाद मनोरंजन क्षेत्र का सबसे बड़ा सौदा होगा। विलय के बाद बनी इकाई पर दोनों कंपनियों का समान नियंत्रण होगा, समान संख्या में निदेशक होंगे।

#### लंदन में डील होने का किया गया दावा

रिलायंस अपनी मीडिया और एंटरटेनमेंट यूनिट वायकॉम 18 के माध्यम से कई टीवी चैनल और जियोसिनेमा स्ट्रीमिंग एप का संचालन करता है। खबरों के अनुसार लंदन में हुई इस डील के दौरान वाल्ट डिज्नी की ओर से पूर्व सीईओ और फिलहाल सलाहकार की भूमिका निभा रहे केविन मेयर और रिलायंस की ओर से मुकेश अंबानी के करीबी माने जाने वाले मनोज मोदी भी मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस की सहयोगी कंपनी वायाकॉम 18 की स्टेप डाउन सब्सिडियरी बनाने का प्लान है। इसके तहत स्टॉक स्वैप के जरिए स्टार इंडिया का विलय किया जाएगा।

# भारत के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला की रणनीति

नीति आयोग वैश्विक मूल्य आपूर्ति (जीवीसी) में भारत की पैठ जमाने और वैश्विक विनिर्माण में इसकी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए रणनीति बना रहा है। इसके लिए उसने प्राथमिकता वाले दो क्षेत्र वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स पहचाने हैं, जो उसके मुताबिक न केवल दबदबे वाले क्षेत्र हैं बल्कि भारत इनमें गहरी पैठ भी बना सकता है।

जीवीसी अंतरराष्ट्रीय उत्पादन साझेदारी है, जिसमें किसी उत्पाद के विचार से लेकर अंतिम उत्पादन तक की गतिविधियां कई कंपनियों के बीच बंटी होती हैं और कई देशों के कामगार इन्हें अंजाम देते हैं (जैसे ऐपल इंक के आईफोन बनते हैं)। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के मुताबिक 70 फीसदी वैश्विक व्यापार जीवीसी के जरिये आपस में जुड़ा है। जीवीसी के कारण देशों और उनकी कंपनियों को अपनी बढ़त का इस्तेमाल करने और मूल्य श्रृंखला के निर्धारित क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का मौका मिलता है। लेकिन एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुसार वैश्विक जीवीसी निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 1.5 फीसदी है।

कुछ ही दिन पहले संबंधित पक्षों (कंपनियों, सीआईआई और अन्य उद्योग संगठनों तथा राज्य सरकारों) के साथ हुई कार्यशाला के लिए तैयार कॉन्सेप्ट नोट में नीति आयोग ने वाहनों की वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए चार बिंदु वाली रणनीति बताई है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि वाहन कलपुर्जों की वैश्विक मूल्य श्रृंखला करीब 700 अरब डॉलर की है, जिसमें 20 अरब डॉलर के साथ भारत की हिस्सेदारी करीब 3 फीसदी है। 650 अरब डॉलर की पेट्रोल-डीजल इंजन जीवीसी में भी भारत का करीब 3 फीसदी योगदान है, जिसमें ज्यादातर ड्राइव ट्रांसमिशन और स्टीयरिंग इंजन के पुर्जे निर्यात होते हैं।

लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सेल को हटाने के बाद बची वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी 1 फीसदी से भी कम है और वह भी ई-मोटर के निर्यात तक सीमित है। अलबत्ता टियर 1 आपूर्तिकर्ताओं और वाहन निर्माताओं के वैश्विक आपूर्ति केंद्रों की असंगठित भागीदारी वाहन की कीमत में खासी हिस्सेदारी रखती है। रणनीति समझाते हुए कॉन्सेप्ट नोट कहता है कि सबसे पहले सभी पक्षों को उन सही श्रेणियों तथा उप श्रेणियों में योगदान दोगुना करने के लिए मिलकर जोर लगाना होगा, जिनमें आकर्षक मौका है और भारत 'कुदरती तौर पर आगे' रह सकता है। उसके बाद लागत के मामले में होड़ करने तथा उभरते हुए मौकों का फायदा उठाने के लिए उद्योग एवं शिक्षा जगत की भागीदारी इस्तेमाल करनी होगी।

तीसरे बिंदु के तहत कौशल विकास कार्यक्रमों और इनक्यूबेटर कार्यक्रमों के जरिये प्रतिभाएं तैयार करने तथा प्लग ऐंड प्ले के जरिये मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने पर जोर देना होगा ताकि वैश्विक कसौटी पर खरी उतरने वाली बुनियादी क्षमताएं तैयार हो सकें। रणनीति के चौथे बिंदु के रूप में सरकार को कारोबारी सुगमता बढ़ाने, हरित तकनीक को बढ़ावा देने एवं व्यापार समझौते करने के लिए पहल करनी होंगी।


इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए चार बिंदुओं की रणनीति पर बात चल रही है। इसमें सरकार से पीएलआई जैसा नीतिगत राजकोषीय समर्थन बढ़ाने, वित्तीय सहायता देने और लागत के मामले में आ रही दिक्कतें दूर करने की अपेक्षा की गई है। दूसरे बिंदु के तहत देसी और विदेशी बाजारों में बड़े दांव लगाने के लिए वैश्विक फर्मों (जैसे ऐपल और सैमसंग) से अधिक जोर लगाने की उम्मीद की गई है। तीसरा, असेंबलिंग का आकार बढ़ाकर स्थानीयकरण की ओर बढ़ा जाए ताकि स्थानीय सब असेंबलियों यानी उत्पादन इकाइयों के लिए अधिक मांक उत्पन्न हो। चौथा और अंतिम बिंदु मूल्यवर्द्धन बढ़ाना है, जिसके लिए उत्पाद के डिजाइन और विकास के लिए भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को क्षमताएं उपलब्ध कराई जाएं। इस रणनीति का कारण बताते हुए पेपर में कहा गया है कि भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार वित्त वर्ष 2022-23 में 155 अरब डॉलर का रहा था और सरकारी मदद एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि के कारण इसमें सालाना 15 फीसदी की चक्रवृद्धि की उम्मीद है।

# प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में अगले साल तेजी आने का अनुमान

## जनवरी से सितंबर के बीच 49 अरब डॉलर का हुआ निवेश

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के 2024 में गति पकड़ने की संभावना है।
बेहतर व्यापक आर्थिक आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन में तेजी के साथ आकर्षक पीएलआई योजना के कारण अधिक संख्या में विदेशी कंपनियां भारत की ओर आकर्षित होंगी।कई देशों के बीच तनाव और बाधाओं के साथ वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में सख्ती के बीच भारत पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश




कुमार सिंह ने कहा कि सरकार लगातार एफडीआई नीति की समीक्षा करती है और समय-समय पर इसमें बदलाव किया जाता है। इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान देश में एफडीआई राशि 22 प्रतिशत घटकर 48.98 अरब डॉलर रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 62.66 अरब डॉलर था। सिंह ने कहा कि 2014-23 की अवधि में एफडीआई लगभग 596 अरब डॉलर रहा है, जो 2005-14 की तुलना में लगभग दोगुना है।
उन्होंने कहा, ये रुझान सकारात्मक हैं और भारत अभी भी विदेशी कंपनियों के लिए पसंदीदा स्थान बना हुआ है। सिंह ने कहा कि औषधि, खाद्य प्रसंस्करण और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के कारण कई क्षेत्रों में एफडीआई बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस साल एफडीआई में गिरावट की एक वजह सिंगापुर, अमेरिका और ब्रिटेन की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर में तेजी हो सकती है, क्योंकि ये देश भारत में एफडीआई के प्रमुख स्रोत हैं।

## शार्ट न्यूज

### चिराग राष्ट्रीय चैंपियन बनने वाले उत्तराखंड के पहले खिलाड़ी

**गुवाहाटी।** राष्ट्रमंडल खेल विजेता लक्ष्य सेन के बड़े भाई चिराग सेन ने तेलंगाना के तरुण एम को 21-14, 13-21, 21-9 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। अल्मोड़ा के चिराग राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले उत्तराखंड के पहले बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। वहीं हरियाणा की अनमोल खरब ने पंजाब की तन्वी शर्मा को 15-21, 21-17, 16-8 से हराकरा महिला एकल का खिताब जीता। दोनों ही शटलर पहली बार राष्ट्रीय चैंपियन बने हैं। लक्ष्य को 85वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त थी, लेकिन उन्हें क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन गैर वरीय चिराग ने छोटे भाई की हार को खिताब जीतकर भर दिया। उन्हें विजेता बनने पर सवा तीन लाख रुपये का पुरस्कार मिला। तरुण ने दूसरा गेम जीतकर वापसी की, लेकिन चिराग ने निर्णायक गेम में तरुण को कोई मौका नहीं दिया। ओडिशा मास्टर्स का खिताब जीतने वाली ध्रुव कपिला और तनीषा क्रेस्टो की जोड़ी ने मिश्रित युगल का खिताब जीता। उन्होंने नितिन और नवधा को 21-13, 21-8 से हराया।

### फाइनल की हार भूलकर आगे बढ़ना जरूरी

सेंचुरियन। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा- वर्ल्ड कप फाइनल की हार को भूलकर आगे बढ़ना जरूरी है। उस हार के बाद पूरी टीम निराश थी। भारतीय कप्तान पिछले महीने वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में मिली हार के बाद सोमवार को पहली बार मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। रोहित ने कहा- हमने वर्ल्ड कप के लिए बहुत मेहनत की थी। 10 मैच में बहुत अच्छा किया। फाइनल में भी काफी चीजें अच्छी हुईं, लेकिन क्या गलत हुआ, क्या सही हुआ, उस पर क्या ही कहें। आपको आगे बढ़ना होता है। बाहर से मुझे बहुत मदद मिली। एक साल के जवाब में रोहित ने कहा कि अगले 2 साल तक बल्लेबाज के तौर पर खेलने के लिए मैं तैयार हूं, जब तक खेल सकता हूं। वहीं, केएल राहुल की पोजिशन पर कप्तान बोले- राहुल पर भरोसा है। वे चौथे, 5वें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। राहुल टेस्ट में विकेटकीपिंग कर सकते हैं। मुझे ये नहीं पता है कि राहुल कितने लंबे समय तक ऐसा कर पाते हैं। शमी को बहुत मिस करेंगे, युवाओं के लिए चैलेंज आसान नही : पिछले 5-7 साल में भारतीय तेज गेंदबाजों ने विदेश में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद शमी को हम बहुत मिस करेंगे, लेकिन युवा उनकी जगह लेने की कोशिश करेंगे, हालांकि ये आसान नहीं होगा। साउथ अफ्रीका में बैटर्स कभी सेट महसूस नहीं कर सकते- जब भी आप बैटिंग करते हो, चाहे आप 100 पर खेल रहे हो या 70-80 पर खेल रहे हो, आपको ये याद रखना जरूरी है कि आप सेट नहीं हो।

### वनडे सीरीज में उतरेंगी श्रेयांका-इशाक

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए विमेंस टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। साइका इशाक, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप और तितास साधु को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज 28 दिसंबर से मुंबई में शुरू होगी। वनडे टीम में पेसर रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष की भी वापसी हुई है। दोनों को जुलाई में बांग्लादेश टूर पर मौका नहीं मिला था। रेणुका इंजर्ड थीं, वहीं घोष को उमा छेत्री की जगह मौका मिला था। वनडे और टी-20 के लिए घोषित 16-16 सदस्यीय टीम में 14 खिलाड़ी दोनों ही टीमों में शामिल हैं। वहीं स्नेह राणा और हरलीन देओल वनडे और कनिका आहुजा और मीनू मणि को टी-20 टीम के लिए चुना गया है। टी-20 सीरीज के लिए इंडिया विमेंस टीम बिलकुल वैसी है जैसी पिछले दिनों इंग्लैंड के खिलाफ रखी गई थी। दिसंबर की शुरुआत में हुई इस टी-20 सीरीज में श्रेयांका और साइका ने डेब्यू किया था। लेकिन भारत को 2-1 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। वनडे स्क्वॉड से पूनिया और देविका वैद्य बाहर बांग्लादेश दौरे पर वनडे सीरीज का हिस्सा रहीं 8 प्लेयर्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे स्क्वॉड में जगह नहीं मिली।

### बॉक्सिंग-डे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट यानी 26 दिसंबर को खेले जाने वाले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट की टीम में कोई बदलाव नहीं किया। वहीं पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा की है। टीम में सरफराज खान की जगह विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को मौका मिला है। पाकिस्तान की फाइनल प्लेइंग इलेवन का ऐलान टॉस के दौरान होगा। पाक टीम में तीन बदलाव हो सकते हैं। पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद को बाहर कर दिया है, उनकी जगह मोहम्मद रिजवान को टीम को शामिल किया है। रिजवान ने शुक्रवार और शनिवार को विक्टोरियन इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी। सरफराज अहमद ने पर्थ टेस्ट में दोनों पारियों में 7 रन बनाए थे। पहले टेस्ट में सरफराज अहमद को मौका देने पर भी कप्तान शान मसूद पर सवाल उठे थे। हालांकि मसूद ने कहा कि सरफराज को उनके घरेलू मैचों में प्रदर्शन के आधार पर जगह दी गई थी। मेलबर्न टेस्ट से पहले पाक कप्तान शान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरफराज को प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जाने पर सफाई दी।

### मीडिया राइट्स न बिकने से पीएसएल होगा लेट

कराची। पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनके घरेलू टी-20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मीडिया राइट्स बेचने से रोक दिया है। जानकारी के मुताबिक, सरकार की ओर से बोर्ड को जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि बोर्ड अपने स्तर पर कोई बाहरी बड़े सौदे नहीं कर सकता। उसे सरकारी अनुमति लेनी होगी। इसकी वजह है कि मौजूदा पीसीबी कमेटी अभी अंतरिम है और जका अशरफ सिर्फ कार्यवाहक पीसीबी प्रमुख हैं। मीडिया राइट्स की बिक्री में देरी होने से पीसीबी को घाटा होने का भी अनुमान है। साथ ही, ब्रॉडकास्टर न होने से सीजन-9 का शेड्यूल रिलीज होने में देरी हो सकती है। पाक बोर्ड नया नियम लाने की तैयारी में है, जिसके तहत एक एजेंसी 2-3 प्लेयर से ज्यादा एक साथ मैनेज नहीं कर सकेगी। बोर्ड यह फैसला टीम में संभावित गुटबाजी को रोकने के लिए कर सकता है। फिलहाल, साया कॉर्पोरेशन कंपनी बाबर, शाहीन, रिजवान समेत 7-8 खिलाड़ियों को एक साथ मैनेज कर रही है।

### ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को हराया

नयी दिल्ली। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पांचवें दिन पहले चरण में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर, खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, जय भारत अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते। वहीं सैल्यूट हॉकी अकादमी का मुकाबला ड्रा रहा। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को हराया। दिन के पहले मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 9-0 से हराया। प्रज्ञा पटेल ने 17वें, 25वें, 39वें मिनट में गोल दागकर हैट्रिक बनाई, अंजना बारला ने 10वें , 47वें मिनट दो गोल किए, जबकि सनदाम बेबीरानी देवी ने सातवें, पायल सोनकर ने 15वें, श्रुतिका कुल्लू ने 52वें मिनट में और स्वीटी कुजूर ने 58 मिनट में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के लिए एक-एक गोल किये। खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी को हराया। दिन के दूसरे मैच में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने अनंतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी को 8-1 से हराया।

# इशाक, पाटिल, कश्यप, साधु ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में




नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए सैका इशाक, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप और टिटास साधु को पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है।

चयनकर्ताओं ने सैका इशाक, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 दिसंबर से मुंबई में शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल किया है। जुलाई में बंगलादेश दौरे से चूकने के बाद रेणुका सिंह और ऋचा घोष भी एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है।

भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। पहला एकदिवसीय मुकाबला 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। हरमनप्रीत कौर को दोनों टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान होगी।

**एकदिवसीय और टी-20 टीमें इस प्रकार है**

एकदिवसीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर,सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा और हरलीन देयोल।
टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मिन्नू मणि।

भारत द्वारा हाल ही में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हारने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के होने वाली तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया है।

एकदिवसीय टीम में बदलाव मुख्य रूप से गेंदबाजी आक्रमण और ऑलराउंडरों स्तर पर किये है। प्रिया पुनिया, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, बी अनुषा, मेघना सिंह, राशि कनौजिया और मोनिका पटेल को टीम से बाहर किया गया है।

सभी एकदिवसीय मुकाबले वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे तथा टी-20 मुकबाले नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम में होंगे।

## कुश्ती संघ पर बातचीत नहीं होगी

एजेंसी

नई दिल्ली। करीब छह महीने तक मामला शांत रहने के बाद अब एक बार फिर से कुश्ती चर्चा में बना हुआ है। भारतीय कुश्ती संघ में विभिन्न पदों के लिए हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद से कुश्ती संघ एक अखाड़ा बना हुआ है। एक तरफ जहां कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह और उनके मित्र पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह हैं, तो दूसरी तरफ वे पहलवान हैं, जिनकी वजह से बृजभूषण को पद छोड़ना पड़ा था और उन पर गंभीर आरोप लगे थे। इनमें बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक समेत कुछ अन्य पहलवान शामिल हैं। पहलवानों ने नए WFI अध्यक्ष संजय पर बृजभूषण के करीबी होने का आरोप लगाया है और उनका विरोध कर रहे हैं। दोनों ओर से वाद-विवाद का दौर जारी है और लगातार बयानबाजी हो रही है। इसी बीच बृजभूषण का एक नया बयान सामने आया है।

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, वे(अमित शाह) हमें जब बुलाएंगे, हम तब उनसे मिलेंगे। वे हमारे नेता हैं, लेकिन यह मुलाकात कुश्ती के संबंध में नहीं होगी। हम कुश्ती संघ को लेकर कोई बातचीत नहीं करेंगे। संजय सिंह अपना काम कर रहे हैं, हम अपना काम करेंगे। कुश्ती संघ को लेकर बातचीत नए अध्यक्ष संजय ही करेंगे। मैं कुश्ती और खेल की राजनीति से पूरी तरह से संन्यास ले चुका हूं। आगे क्या करना है, यह फेडरेशन का काम है। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है।

इससे पहले रविवार (24 दिसंबर) को भारतीय खेल मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया। उसने नवनियुक्त भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया। इस साल पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया था। उन पर महिला पहलवान के यौन शोषण का आरोप है।

## पीसीबी ने यासिर अराफात को टी-20 टीम का कोच किया नियुक्त



लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कोचिंग सेट-अप में बदलाव करते हुए न्यूजीलैंड में 12 जनवरी से शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों श्रृंखला के लिए यासिर अराफात को कोच नियुक्त किया है।

अराफात साइमन हेल्मोट का स्थान लेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अराफात पाकिस्तान के टी-20 विशेषज्ञों के साथ न्यूजीलैंड के लिए उड़ान भरेंगे। ऐसा माना जा रहा कि उन्हें फिलहाल सिर्फ एक श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में कोच नियुक्त किया गया है।

अराफात के पास न्यूजीलैंड के साथ-साथ इंग्लैंड में भी कोचिंग का पिछला अनुभव है। उन्होंने 13 टी-20 सहित 27 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और पाकिस्तान की विजयी 2009 टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। हालांकि उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच खेला था।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 12 जनवरी से पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला शुरु होगी।

### रोहन और नीरज का दमदार खेल, गढ़वाल ने रेंजर्स को रौंदा

नयी दिल्ली। रोहन मनार के दो शानदार गोलों और प्लेयर ऑफ द मैच नीरज भंडारी के बेहतरीन खेल के चलते गढ़वाल हीरोज फुटबाल क्लब ने रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 6 – 0 से रौंद दिया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण सांघा ने कड़ी टक्कर में भारतीय वायुसेना को गोल शून्य बराबरी पर रहा। गढ़वाल की जीत का आकर्षण कप्तान नीरज भंडारी का दमदार खेल रहा। नीरज ने रोहन मनार द्वारा दागे गोलों में रक्षण भेदी पास का योगदान दिया। लालरेमुआनाम, वंशवादम और राधाकान्ता सिंह ने एक एक गोल दागा। छठा गोल खुद नीरज ने किया। मध्यांतर तक रेंजर्स ने संघर्ष किया उसके तत्पश्चात पराजित टीम ने जैसे हथियार डाल दिए।

## महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मंजू रानी, साक्षी चौधरी पहुंची क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी




ग्रेटर नोएडा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी और दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी चौधरी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए सोमवार को महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।

आज यहां ग्रेटर नोएडा के जीबीयू इंडोर स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए मंजू रानी ने गुड्डी के खिलाफ अपने अनुभव और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 48 किग्रा वर्ग में 5-0 से जीत हासिल की। मंजू रानी का क्वार्टर फाइनल में संजना से मुकाबला होगा।

वहीं 57 किग्रा वर्ग में साक्षी चौधरी ने 16वें राउंड में रेफा मोहिद को हराया। क्वार्टर फाइनल में साक्षी चौधरी चंडीगढ़ की आरती मेहरा से भिड़ेंगी। इसके साथ ही 63 किग्रा वर्ग में शशि चोपड़ा ने क्वार्टर फाइनल में आरती दरियाल पर जीत दर्ज की। शशि ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला सोनू से होगा।

इस बीच, एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकुशिता बोरो ने 66 किग्रा वर्ग में वनलालहरियातपुई खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से मुकाबला जीत लिया। अंकुशिता बोरो क्वार्टर फाइनल में अंजलि तुशीर से भिड़ेंगी।

# इजराइल-हमास जंग से ईसा के जन्मस्थान पर क्रिसमस फीका

**रूस के खिलाफ यूक्रेन में 100 साल बाद 7 जनवरी की जगह 25 दिसंबर को सेलिब्रेशन**

इजराइल-हमास जंग के बीच क्रिसमस सेलिब्रेशन फीका पड़ गया है। इजराइली कंट्रोल वाला फिलिस्तीनी शहर बेथलहम प्रभु यीशु का जन्मस्थल है। यहां सड़कों पर रौनक नहीं है। अंधेरा और सन्नाट पसरा हुआ है। ईसा मसीह के जन्मदिन यानी क्रिसमस की खुशी यहां देखने को नहीं मिली।



इस बीच फिलिस्तीनी आर्टिस्ट राणा बिशारा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बेथलेहम में %चर्च ऑफ द नेटिविटी% के सामने एक इनक्यूबेटर के अंदर कांटों से घिरे यीशु की मूर्ति दिखाई, जिसमें ईसा मसीह नवजात शिशु के रूप में दिखाए गए। बिशारा ने मैंगर स्क्वायर में अपनी इस सांकेतिक कलाकृति को प्रदर्शित किया।

बेथलहम के किसी भी चर्च में क्रिसमस ट्री नहीं सजा। वहीं, इवेंजेलिकल लूथरन चर्च में एक झांकी बनाई गई है। इसमें पत्थरों के बीच नवजात प्रभु यीशु दिख रहे हैं। चर्च के पादरी फादर डॉ. मुंथर इशाक ने बताया कि यह झांकी फिलिस्तीनियों की स्थिति दिखाती है। पत्थरों को मलबे की तरह दिखाया गया है। इसके बीच जीसस हैं। यह जंग में मारे गए नवजातों, मलबे से निकाले गए बच्चों को समर्पित है।

### यूक्रेन में ट्रेडिशनल ड्रेस पहनकर बच्चों ने गाए कैरोल

यूक्रेन में 100 साल बाद 25 दिसंबर को क्रिसमस सेलिब्रेशन हो रहा है। आमतौर पर यहां यह सेलिब्रेशन 7 जनवरी को किया जाता है। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चियन्स ही ज्यादा हैं और ये 7 जनवरी को यह फेस्टिवल सेलिब्रेट करते आए हैं।

इस बार रूस का विरोध करने के लिए सरकार ने 25 दिसंबर को किसमस सेलिब्रेट करने का फैसला लिया। 'द गार्डियन' की रिपोर्ट के मुताबिक रूस और यूक्रेन दोनों ही देश में जूलियन कैलेंडर को फॉलो किया जाता है। इसके अलावा रूस की तरह यूक्रेन में ज्यादातर लोग ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चिएनिटी के फॉलोअर हैं।

जुलाई 2023 में यूक्रेन के प्रेसिडेंट वोल्दोमिर जेलेंस्की ने एक बिल को मंजूरी दी थी। इसमें 25 दिसंबर को क्रिसमस बताया गया था और सेलिब्रेशन के लिए पब्लिक हॉली-डे घोषित किया था। इस बिल के मुताबिक यूक्रेन अब पश्चिमी देशों की तर्ज पर 'ग्रेगोरियन कैलेंडर' फॉलो करेगा और इसीलिए क्रिसमस 7 जनवरी की बजाय 25 दिसंबर को ही सेलिब्रेट किया जाएगा।

### नॉर्थ कोरिया में क्रिसमस पर प्रतिबंध

नॉर्थ कोरिया में क्रिसमस पर बैन लगा है। दरअसल, यहां ईसाई धर्म पर कई प्रतिबंध हैं, इस वजह से लोग क्रिसमस सेलिब्रेट नहीं करते। इसके बावजूद कुछ एक्टिविस्ट समुद्र के रास्ते से लोगों के बीच खुशियां भेजने की कोशिश कर रहे हैं। एक्टिविस्ट ने येलो सी में कुछ गिफ्ट फेंके हैं। उन्हें उम्मीद है कि ये तोहफे जल्द नॉर्थ कोरिया के तटीय शहरों तक पहुंचेंगे।

## पशिन्यान सर्वोच्च यूरेशियन आर्थिक परिषद की बैठक के लिए रूस रवाना

येरेवन। अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल और कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएस) अनौपचारिक शिखर सम्मेलन की बैठकों में भाग लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के लिए रवाना हो गए। अर्मेनिया की सरकार की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गयी। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, पशिन्यान दो दिवसीय कामकाजी यात्रा पर रूस के लिए रवाना हुए। पच्चीस दिसंबर को प्रधानमंत्री सेंट पीटर्सबर्ग में सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल की बैठक में और छब्बीस दिसंबर को सीआईएस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सीआईएस शिखर सम्मेलन में पशिनयान के इस साल सितंबर में जातीय रूप से अर्मेनियाई आबादी वाले नागोर्नो-काराबाख पर बाकू द्वारा नियंत्रण स्थापित करने के बाद पहली बार अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक ही वार्ता की मेज पर बैठने की उम्मीद है। अक्टूबर में पशिन्यान किर्गिज़ की राजधानी बिश्केक में यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) और सीआईएस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए थे, लेकिन वह नवंबर में मिन्स्क में आयोजित सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) शिखर सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए थे।

### पिछले चार दिनों में 48 इजरायली सैनिक मारे गए

गाजा। हमास ने दावा किया है कि पिछले चार दिनों में अभियान के लड़ाकों के हाथों 48 इजरायली सैनिक मारे गये हैं और सैन्य उपकरणों की 35 इकाइयों को नुकसान पहुंचा है। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीग्राम पर कहा पिछले चार दिनों में अल-कसम लड़ाके 35 इजरायली सैन्य वाहनों को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से नष्ट करने में कामयाब रहे और 48 इजरायली सैनिक मारे गये तथा कई घायल हुए हैं। गौरतलब है कि 07 अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, सीमा का उल्लंघन किया और इजरायली सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। इसके कारण, 1,200 से ज्यादा इजरायली मारे गए और लगभग 240 का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। इजरायल ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा में जमीनी घुसपैठ शुरू की। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इजरायली हमलों में अब तक गाजा में 20,400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। गत 24 नवंबर को कतर द्वारा इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम शुरू करने, कुछ कैदियों एवं बंधकों का आदान-प्रदान करने और गाजा में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते की मध्यस्थता की।

### संदल आगामी चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर राजनीति में हुयीं शामिल

पेशावर। पकिस्तान में आगामी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र जमा करने की समय सीमा समाप्त हो गयी है, टिकटोक स्टार संदल खट्टक ने भी खैबर पख्तूनख्वा से एक महिला आरक्षित सीट के लिए अपनी नामांकन दाखिल की और राजनीति से जुड़ने की घोषणा की। जियो न्यूज से बात करते हुए सुश्री संदल ने कहा कि वह अपने गृहनगर के मुद्दों को संबोधित करने के उद्देश्य से राजनीति में शामिल हुई हैं, जो उनके अनुसार, गैस, बिजली और पानी जैसी बुनियादी उपयोगिताओं की कमी के साथ-साथ खराब सड़क बुनियादी ढांचे का सामना करता है। उन्होंने अपने राजनीतिक एजेंडे के बारे में कहा,मेरा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ाव के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए, टिकटॉकर संदल शमीम ने खुलासा किया कि उनके पास कई राजनीतिक दलों से शामिल होने के प्रस्ताव हैं। सोशल मीडिया हस्ती ने हालांकि किसी का नाम लेने से मन किया और कहा कि वह इस समय अपनी राजनीतिक संबद्धता का खुलासा नहीं कर सकती हैं। एक सोशल मीडिया हस्ती और हरीम शाह की पूर्व सहयोगी संदल कथित तौर पर हरीम शाह का एक वीडियो लीक करने के विवाद में शामिल होने के बाद सुर्खियों में आयीं।

## आज लैंड करेगा 300 भारतीयों का विमान

**3 दिन की हिरासत के बाद छोड़े गए; इनमें 10 लोगों ने फ्रांस से शरण मांगी थी**

मानव तस्करी के शक में फ्रांस में रोका गया 300 भारतीयों वाला प्लेन कल भारत के मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। पहले इसके सोमवार दोपहर 2: 20 बजे भारत आने की जानकारी दी गई थी। फ्रांस की एक कोर्ट के आदेश के बाद भारतीयों के प्लेन को उड़ान भरने की इजाजत दे दी गई है। रविवार को 4 जजों ने क्रिसमस की छुट्टियों में भी काम करते हुए हिरासत में रखे गए यात्रियों से पूछताछ करने बाद विमान के रवाना होने के आदेश दिए थे।




न्यूज एजेंसी के मुताबिक प्लेन में मौजूद 2 लोगों को बाकी 300 लोगों से अलग रखा गया है। इनसे कड़ाई से पूछताछ की गई थी। फ्रांस की कोर्ट ने शनिवार को इनकी सुनवाई का समय 48 घंटे के लिए बढ़ा दिया था। वहीं, 10 लोगों ने फ्रांस में ही शरण देने की मांग की थी। सभी लोग कामगार बताए गए हैं, जिन्हें निकारागुआ के रास्ते अमेरिका और कनाडा भेजा जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 300 भारतीयों में एक 21 महीने का बच्चा और 11 भारतीय नाबालिग हैं, जिनके माता-पिता उनके साथ नहीं हैं। पूछताछ के दौरान कुछ लोग हिंदी में बात कर रहे थे तो कुछ लोग तमिल भाषा बोल रहे थे। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि प्लेन में साउथ इंडिया के लोग भी मौजूद थे। दुबई से निकारागुआ जा रहे भारतीय नागरिकों वाला विमान वाट्री एयरपोर्ट पर ईंधन भरने के लिए उतरा था। इस दौरान फ्रांस के अधिकारियों को सूचना मिली की इसमें मानव तस्करी के पीड़ितों को ले जाया जा रहा है, जिसके बाद फ्लाइट को उड़ान भरने से रोक दिया गया।

### पुतिन ने वुसिक को दी नये साल की बधाई

बेलग्रेड। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक को नए साल और क्रिसमस की बधाई दी है तथा निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की है। सर्बिया के राष्ट्रपति के कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने पुतिन के हवाले से एक बयान में कहा, दुनिया में कठिन परिस्थिति के बावजूद रूस और सर्बिया के बीच संबंध रचनात्मक भावना से विकसित हो रहे हैं। मैं द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर हमारी बातचीत और उत्पादक सहयोग जारी रखने के लिए तत्पर हूं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# रामलला के यहां ननिहाल, ससुराल से पहुंचेंगे ढेरों उपहार

भोपाल। (पीएमए) अयोध्या में बने भगवान राम के भव्य राम मंदिर का उद्घाटन समय, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक है, तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर देश-दुनिया से लोग बेताब हैं। देशभर के राज्यों में रामलला को उपहार देने की होड़ सी लगी है। कोई राज्य दुनिया का सबसे बड़ा घंटा यहां उपहार देगा तो कोई सबसे बड़ी अगरबत्ती। वहीं उनके ननिहाल और ससुराल से भी कई उपहार अयोध्या भेजे जाएंगे। लेकिन क्या आपको पता है भगवान रामलला का ननिहाल कहां है...आपको बता दें कि 23 साल पहले एमपी के इस शहर में था रामलला के नाना-नानी का घर...

दरअसल दिसंबर खत्म होने को है और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं। भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में हर कोई सहयोग करना चाहता है फिर चाहे किसी भी तरह करना पड़े। ऐसे में रामलला का ननिहाल और ससुराल पक्ष कैसे पीछे रह सकता था। देशभर से जहां कुछ न कुछ सामान अयोध्या भेजा जा रहा है। वैसे ही उनके ननिहाल से 3 हजार क्विंटल चावल अयोध्या भेजे जाएंगे। ये अब तक की सबसे बड़ी चावल की खेप होगी, जो अयोध्या पहुंचेगी।

### 23 साल पहले यहां था रामलला का ननिहाल

मप्र का दक्षिण कोशल। नाम तो आपने सुना ही होगा। दक्षिण कोशल का इतिहास पौराणिक काल में पहुंचा देता है। पौराणिक काल का कौशल प्रदेश, कालांतर में उत्तर कोशल और दक्षिण कोशल में बंट गया था। यह दोनों ही भाग सन 2000 तक मध्यप्रदेश का ही हिस्सा थे। इस क्षेत्र की महानदी (जिसका नाम उस पौराणिक काल में चित्रोत्पला था) का मत्स्य पुराण, महाभारत के भीष्म पर्व तथा ब्रह्म पुराण के भारतवर्ष वर्णन प्रकरण में उल्लेख मिलता है। लेकिन 1 नवंबर 2000 को रामलला का ये ननिहाल छत्तीसगढ़ के नाम से स्थापित हो गया। दरअसल मध्यप्रदेश से अलग होने के बाद यहां स्थित छत्तीस गढ़ों को देखते हुए इसका अस्तित्व छत्तीस गढ़ नाम से ही हुआ। और वाल्मीकि रामायण में भी छत्तीसगढ़ के बीहड़ वनों तथा महानदी का स्पष्ट विवरण मिलता है। यहां स्थित सिहावा पर्वत के आश्रम में निवास करने वाले श्रृंगी ऋषि ने ही अयोध्या में राजा दशरथ के यहां पुर्त्येष्टि यज्ञ करवाया था, जिससे तीनों भाइयों सहित भगवान श्री राम का पृथ्वी पर अवतार हुआ। राम के काल में यहां के वनों में ऋषि-मुनि-तपस्वी आश्रम बना कर निवास करते थे और अपने वनवास की अवधि में राम यहाँ आए थे।

### ससुराल से पहुंचेंगे ये उपहार

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन अवसर पर उनके ससुराल नेपाल के जनकपुर से कपड़े, फल और मेवा के साथ-साथ उपहारों से सजे 1100 थाल भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा



भारत के अलग-अलग राज्यों से बहुत सारा सामान अयोध्या पहुंचाया जाएगा...

### यहां जाने कौन सा राज्य दे रहा क्या उपहार

* राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इसके बाद भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा, इस भोग में स्पेशली उनके ननिहाल से पहुंचे चावल और ससुराल से भेजी गई मेवा सामग्री शामिल की जाएगी।

* भगवान राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर से वस्त्र, फल और मेवा 5 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे। इसके अलावा उपहारों से सजे 1100 थाल भी होंगे।

* नेपाल से आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों के अलावा भार भी आएगा, जिसमें 51 प्रकार की मिठाइयां, दही, मक्खन और चांदी के बर्तन शामिल होंगे।

* उत्तर प्रदेश के एटा जिले से रामलला के दरबार में अष्टधातु का 2100 किलो का घंटा पहुंचेगा। दावा किया जा रहा है कि यह देश का सबसे बड़ा घंटा होगा, जिसकी लागत 25 लाख रुपए है। इसे 400 कर्मचारी एक साल से तैयार कर रहे हैं। इसकी चौड़ाई 15 फुट और अंदर की चौड़ाई 5 फुट है।

* राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की चरण पादुकाएं भी वहां पर रखी जाएंगी। फिलहाल, ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने तैयार किया है।

* श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने इन श्रीराम पादुकाओं के साथ अयोध्या की 41 दिनों की परिक्रमा की थी। इसके बाद इन पादुकाओं को रामेश्वरम से बद्रीनाथ तक सभी प्रसिद्ध मंदिरों में ले जाया जा रहा है और विशेष पूजा की जा रही है।

* प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या भेजी जा रही है, जो बनकर तैयार हैं। इसे पंचगव्य और हवन सामग्री के साथ गाय के गोबर से बनाया गया है। इसका वजन 3500 किलो है। वडोदरा से अयोध्या पहुंच रही इस अगरबत्ती की लागत पांच लाख से ज्यादा है। इसे बनाने में 6 महीने लगे हैं। इस अगरबत्ती को 110 फीट लंबे रथ में भेजा जाएगा। अगरबत्ती बनाने वाले विहा भरवाड़ के मुताबिक एक बार जलाने पर यह डेढ़ महीने तक लगातार जली रह सकती है।

### वहीं सूरत में राम मंदिर की थीम पर हीरे का हार

वहीं सूरत में राम मंदिर की थीम पर हीरे का हार बनाया गया है। इस पूरे डिजाइन में 5000 अमेरिकी हीरों का इस्तेमाल किया गया है। यह 2 किलो चांदी से बना है, 40 कारीगरों ने 35 दिनों में इस डिजाइन को पूरा किया है। हीरा व्यापारी का कहना है कि, यह किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए तैयार नहीं किया गया है। हम इसे राम मंदिर को उपहार देना चाहते हैं।

### विदेशों से भी मिल रहा है चंदा

विदेशों से मिलने वाले चंदे को लेकर स्वामी गोविंद गिरि ने कहा कि %विदेशों से धन आने के लिए एफसीआरए की अनुमति आवश्यक है। हम इस पर कोई अपवाद नहीं बनना चाहते थे। ट्रस्ट के तीन साल होने के बाद हमने भी एक आवेदन दायर किया, जिसके बाद एफसीआरए से प्रमाण पत्र प्राप्त किया और अब उसके अनुसार हमें विदेशों से भी धन मिलना शुरू हो गया है। विदेशों से अभी कितना पैसा आया है, ये अभी नहीं बताया जा सकता।

### ये प्रमुख लोग हैं आमंत्रित

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का पूजन 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा। इस अदभुत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, सेना के अधिकारी, एलएण्डटी, टाटा, अंबानी, अडानी समूह के शीर्ष लोगों को भी बुलाया गया है। कार्यक्रम में कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सभी परम्पराओं के साधु-सन्त के साथ ही किसी भी क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाने वाले सभी प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### ऐसी रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

सुरक्षा व्यवस्था पर अयोध्या रेंज ड्ढत्त प्रवीण कुमार ने कहा, अयोध्या में हमेशा सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहती है, इसमें CRPF, UPSSF, PSE और सिविल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहती है।

नई सिक्योरिटी प्लान के तहत आवाजाही करने वाले व्यक्ति को सिक्योरिटी चेकअप से गुजरना होगा, सीसीटीवी कैमरे रहेंगे, बिना अनुमति के ड्रोन उड़ते हैं तो कार्रवाई होगी। नदी तट के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। 37 पार्किंग स्थल को केंद्र किया गया है वहां तैयारी की गई है।

## स्वामी श्रद्धानंद जी के 97 वे बलिदान दिवस के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया







नई दिल्ली। सोमवार 25 दिसम्बर 2023 को शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी, आर्य सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद जी के 97 वे बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य समाज द्वारा पुरानी दिल्ली के विभिन्न मार्गो से होती हुई एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के अंत रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित की गई। इस शोभा यात्रा की विशेषता है की 96 वर्षो से ये शोभा यात्रा प्रतिवर्ष निर्विघन आयोजित होती है।

दिल्ली आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 4 किलोमीटर लम्बी इस शोभा यात्रा और जन सभा में दिल्ली-एनसीआर की लगभग 400 आर्य संस्थाओ के लगभग 20 हज़ार सदस्य और महषि दयानन्द सरस्वती के अनुयायी पूरे जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। चांदनी चौक स्थित टाउन हाल में स्थापित स्वामी श्रद्धानंद जी की विशाल प्रतिमा के समक्ष आर्य वीर दल के आर्य वीर लड़के और लडकियों द्वारा किया जाने वाला शोर्य प्रदर्शन इस शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा।। दिल्ली सभा के प्रधान श्री धर्मपाल आर्य जी, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान श्री सुरेंद्र रैली जी महामंत्री आर्य सतीश चड्डा जी, स्वामी प्रवणानंद जी, दयानंद सेवा आश्रम के महामंत्री जोगिन्दर खट्टर, स्वामी सच्चिदानंद जी, तपस्वी श्री सुखदेव वर्मा जी, महामंत्री श्री विनय आर्य जी और अन्य महानुभावों ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। रामलीला मैदान आयोजित रैली में आर्य समाज के वरिष्ठ नेताओं के इलावा विभिन राजनीतक संगठनों के शीर्ष नेता, शिक्षाविद, मूर्धन्य सन्यासी जनसभा को संबोधित किया। पंजाब केसरी समूह की संपादक श्रीमती किरण चोपड़ा ने कहा की सामाजिक उत्थान एवं सुदृढ़ राष्ट्र हेतु जिन विषयों को महर्षि दयानंद सरस्वती ने चिन्हित किया और स्वामी श्रद्धानंद जी ने प्रेरित होकर उनको वास्तविक धरातल देने हेतु अपने जीवन को आहूत किया, उन्ही विषयों को वर्तमान सरकार अपने कार्यक्षेत्र में उचित स्थान दे रही है। श्री तुफैल चतुर्वेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की स्वामी श्रद्धानंद जी को श्रद्धांजलि देते हुए, उन्हीं विषयों को उजागर किया जिन्हें किए बिना देश में जनकल्याण नही हो सकता। वर्तमान में भी राजनीतिक पार्टियों की तुष्टिकरण नीति से जनता में आक्रोश एवं भय का वातावरण बना रहीं हैं

उल्लेखनीय है की महर्षि दयानंद के अनन्य भक्त, आर्य सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद की 23 दिसम्बर 1926 को पुरानी दिल्ली स्थित पीली कोठी में अब्दुल रशीद नमक व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई थी, क्योकि उनके द्वारा देश भर में घर वापसी और शुद्धि आन्दोलन चलाकर हजारो भटके लोगों की सनातन वैदिक धर्म में घर वापसी कराई जा रही थी। उनके इस आन्दोलन से प्रभावित होने वालो में मुख्य लोगो में प्रसिद्ध अभिनेत्री तबसुम की माँ शांति देवी भी थी।

स्वामी श्रद्धानंद उस समय के एक मात्र ऐसे सन्यासी थे जिन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ सभी मत सम्प्रदायो के लोगो को एक करने में मुख्या भूमिका निभायी थी। उन होने जहाँ एक ओर जामा मस्जित के मिम्बर से सैकड़ो मुस्लिमो को संबोधित किया वही अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में बने अकाल तख्त भी आजादी के आन्दोलन की हुंकार भरी। स्वामी श्रद्धानंद जी द्वारा अंग्रेजी शिक्षा पद्धिति के समकक्ष गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार की स्थापना गई। जो उस समय आजादी के दीवानों के लिए एक सुरक्षित स्थली तो बना ही, बल्कि हजारो क्रांतिकारी और विद्वान भी इस संसथान से निकले।

## श्री श्याम कृपा मंडल का 20वां श्री श्याम संकीर्तन धूमधाम से सम्पन्न



नई दिल्ली। श्री श्याम कृपा मंडल, खारी बावली, दिल्ली का 20वाँ भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। संकीर्तन में सजाये गये श्री श्याम दरबार की दिव्यता देखते बनती थी।

इस अवसर पर वृंदावन से पधारे भजन गायकों बृजरसिका पूनम दीदी एवं महाराज चित्र विचित्र के आलावा खलीलाबाद से आये श्याम रत्न सरदार हरमिंद्र सिंह रोमी, महाराज एश्वर्य दत्त एवं मंडल अध्यक्ष योगेश गर्ग ने भजन रस गंगा प्रवाहित की जिसने श्याम भक्तों को भाव विभोर भी किया और झुमाया भी।

संकीर्तन में हजारों श्याम भक्तों के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद डा. हर्षवर्धन, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक अजय महावर एवं अन्य नेताओं के साथ प्रसिद्ध श्याम रत्न एस.एन. बंसल और अनेक व्यापारी नेता भी सम्मिलित हुऐ।

इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने श्याम भक्तों को शुभकामनाऐ देते हुऐ आवहण किया की राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 21 से 23 जनवरी तक दिल्ली के बाजारों को सजायें और 22 जनवरी को सभी लोग अपने घर के समीप मंदिर जरूर जाये एवं रात को हर घर दीपोत्सव करें।

श्री श्याम कृपा मंडल की ओर से श्री प्रवीण शंकर कपूर, श्री बालकिशन अग्रवाल, श्री योगेश गर्ग, श्री विनोद सिंहल, श्री वरूण खेमका, श्री लव जिंदल एवं श्री पंकज गोयल आदि ने भजन गायकों के साथ ही गणमान्य अतिथियों और श्याम भक्तों का स्वागत किया।

## अतरौलिया विकास खण्ड के गांवों में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

आजमगढ़। (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अतरौलिया के ग्राम पंचायत देहुला सल्तनत एवं चिश्तीपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया गया। इसी क्रम में दिनांक 26 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत मरना व विसईपुर, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत चौको बुजुर्ग व चांदपुर, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत भावारायपुर पट्टी बांकाराय व भावारायपुर पट्टी टंडनराय, लछेहरा व खादारामपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक एवं लाभान्वित किया जायेगा।

## गौड़ ब्राह्मण सभा ने मनाया दो महापुरुषों का जन्मदिन

### दीर्घ जीवियों एवं बुद्धि जीवियों को किया गया सम्मानित

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नारनौल। विधानसभा क्षेत्र स्थित गौड़ ब्राह्मण सभा में सोमवार को भारत रत्न दो महापुरुष पंडित मदनमोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन उपलक्ष्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. ओम प्रकाश यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने की। सम्मान समारोह में गौड़ ब्राह्मण समाज के प्रधान और वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश मेहता और पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित रहे। गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में जिला महेंद्रगढ़, नारनौल के समीप ग्राम्य वरिष्ठ नागरिक दीर्घ जीवी विशेषकर 85 वर्ष के बुजुर्गों और श्रेष्ठ भूमिका निभाने वाले विप्रबंधु एवं पत्रकार बंधुओं को भगवान परशुराम तस्वीर सहित गले में पटका एवं शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि और कार्यक्रम के अध्यक्ष और गौड़ सभा के प्रधान एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने पंडित मदनमोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा दिए गए देशहित में योगदान को याद किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सम्मान समारोह के सफल आयोजन के समापन में प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संमा बांध दिया और इस भव्य कार्यक्रम को लेकर गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान श्री मेहता को बधाई दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. लालचंद जोशी, आदेश भारद्वाज, गोविंद भारद्वाज, रामानंद अग्रवाल, भारती सैनी समेत अन्य सम्मानित स्वजन उपस्थित रहे।




## नम आंखों से जनपद ने दिया राजमंगल यादव को अन्तिम विदाई

बलिया। (पीएमए) समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राजमंगल यादव की शवयात्रा सोमवार को प्रातः उनके पैतृक गांव बिशुकिया से निकली जिसने हजारों लोग सम्मलित थे रास्ते में परशिया, मुद्दा, निधरिया तक सभी जगह लोग अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन हेतु खड़े रहे सबकी आंखें नम थी शवयात्रा नगर में प्रवेश करते ही लोगो की अपार भीड़ बढ़ गई गगनभेदी नारो से लोग राजमंगल यादव को याद कर रहे थे।फिर शवयात्रा नगर के जिलापंचायत कार्यलय परिसर पहुंचा जहां जिला पंचायत अध्यक्ष आनन्द यादव सहित विभागीय लोगो ने पुष्पचक्र अर्पित लिया तत्पश्चात् टी. डी.कालेज परिसर में छात्रसंघ परिवार के लोगो ने छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री को भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित किया फिर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जनपद के लोगो से सर्वप्रिय नेता को श्रद्धांजलि दिया समाजवादी पार्टी के झण्डे में लिपटे जिलाध्यक्ष का पार्थिव शरीर एक खुली गाड़ी पा रखा था जिसपर समाजवादी पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेता मौजूद थे।पूर्वाचल के लगभग सभी जनपदों से समाजवादी पार्टी के नेता साथ साथ चल रहे थे। मुखाग्नि उनके पुत्र रजनीश यादव ने दिया। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पूर्वनेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, विधायक जियाऊदिन रिजवी, संग्राम सिंह यादव, जयप्रकाश अंचल, बिहार राजद के विधायक शंभू चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, नारद राय, राष्ट्रीय सचिव राजीव राय, युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी, नीरज सिंह गुड्डू, सुनील चिरुकी, जयप्राकाश मुन्ना, हरेंद्र गोड, सहित पार्टी के सभी नेता उपस्थित रहे।

## घर के अंदर जातिसूचक शब्द बोलना एस सी/ एस टी के तहत अपराध नहीं : हाईकोर्ट



प्रयागराज। (पीएमए) एस सी/ एस टी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जाति का नाम लेकर मौखिक दुर्व्यवहार अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अगर एस सी/ एस टी के किसी सदस्य की जाति का नाम लेने का मामला घर के अंदर हो तो मामला दुर्व्यवहार नहीं माना जाएगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर ऐसी बात बोली जाती है तो उसके ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने फैसला सुनाया।

## शार्ट न्यूज

### गोरा मुखड़ा रिलीज़ होते ही हुआ व्ययरल




निर्माता रमेश भण्डारी के एफएमडी हरियाणवी चैनल पर नवनिर्मित एक हरियाणवी सॉन्ग ट्रेड की सुर्खियों में छाया हुआ है। यूँ तो हरियाणवी गाने अपने आप में बहुत मनोरंजक और ऊर्जा से ओतप्रोत होती हैं, इनको सुनने देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि शरीर मे एक नई प्रकार की ऊर्जा का संचार होने लगता है और अनुभूति ऐसी होती है कि हर कोई इससे अपनेआप को कनेक्ट करने लगता है। पैर स्वत: ही हरियाणवी गानों पर थिरकने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसा ही एक खूबसूरत सॉन्ग गोरा मुखड़ा इनदिनों इंटरनेट पर सुर्खियों में छाया हुआ है। निर्माता रमेश भंडारी की एफएमडी हरियाणवी चैनल पर रिलीज हुए इस गाने को तरुण पंचाल ने अपना मधुर आवाज दिया है जिसका संगीत भी तरुण पंचाल ने ही कम्पोज किया है। मेहर रिस्की के लिखे इस खूबसूरत गाने पर सिम्मी डांस ग्रुप ने शानदार नृत्य परफॉर्मेंस दिया है। निर्माता रमेश भंडारी बताते हैं कि वे हिंदुस्तान की लागभग हरेक भाषाओं में बेहतरीन गीत संगीत के पक्षधर हैं, और वे चाहते हैं कि हर जॉनर के लिए बेहतरीन गीत संगीत के साथ वे देश विदेश में फैले लाखों करोड़ों दर्शकों का मनोरंजन कर सकें। इसी कड़ी में यह हरियाणवी सॉन्ग बनाया गया है और यह सांग बेहतरीन ऑडियो के साथ वीडियो फॉर्म में भी काफी वायरल हो चला है।

### प्रशासनिक भवन का अनावरण

गोरखपुर। (पीएमए) मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज दो दिवसीय 'मालवीय एलुमनाई मीट-2023' का उद्घाटन हुआ दिनांक 25 -26 दिसम्बर 2023 के मध्य आयोजित एमएमएमयूटी के पूर्व छात्र सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि 1980 बैच के पूर्व छात्र एवम नेशनल हाइड्रो पावर कॉरपोरेशन के पूर्व निदेशक तथा लैंको लिमिटेड के सी ई ओ श्री एस के मित्तल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में 1985 बैच के पूर्व छात्र तथा लोक निर्माण विभाग के पूर्व अधीक्षण अभियंता श्री प्रेम प्रकाश उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने की। मालवीय एलुमनी मीट 2023 के उद्घाटन के पूर्व, विश्वविद्यालय के नव निर्मित प्रशासनिक भवन के हॉल में पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष्य में हवन, पूजन का कार्यक्रम हुआ। माननीय कुलपति महोदय ने सर्वप्रथम परिसर स्थित पंडित मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात, नवीन प्रशासनिक भवन पर पहुंच कर मा. कुलपति सहित विभिन्न शिक्षकों और कर्मचारियों ने विधिवत पूजन हवन कर पंडित मालवीय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गोल्डन जुबिली बैच 1973, सिल्वर जुबिली बैच 1998 एवं डिकेड बैच 2013 के छात्रों की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ परिसर के मुख्य द्वार से मालवीय जी की प्रतिमा होते हुए बहु-उद्देशीय सभागार पहुंची जहाँ वर्तमान छात्रों ने तिलक लगाकर शोभायात्रा में सम्मिलित सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

### खादी को आज हर उम्र के लोग पसंद कर रहे है



वाराणसी। (पीएमए) उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वाराणसी द्वारा खादी उत्सव-2023 का आयोजन अर्बन हॉट प्रांगण में आयोजित किया गया है। अर्बन हॉट प्रांगण में हर किस्म के खादी उपलब्ध है, जिसमें खादी के स्टालों मे ऊनी शाल, सिल्क की साडियां सूती खादी के वस्त्र, कम्बल, कुर्ता, शदरी गद्दा, रजाई, चादर, कारपेट एवं सिले सिलाये खादी के परिधान उपलब्ध हैं एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों में लगने वाले स्टाल में जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, अगरबत्ती, नमकीन, लकड़ी के फर्नीचर, आलमारी, बक्सा, आयुर्वेदिक औषधी, दर्द निवारक तेल इत्यादि उपलब्ध है। खड़ी उत्सव प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के मनोरंजन का भी पूरा ध्यान रखा गया है। प्रति दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को रास रंग संस्था लखनऊ द्वारा नाटक अजब मशीन की गजब कहानी का मंचन सरिता यादव के निर्देशन में किया गया, मुख्य पात्र में धीरेन्द्र पाण्डेय, बृजेश कुमार चौबे, राहुल गौतम, आयुष प्रजापति एवं अनामिका रावत थे। प्रदर्शनी में सोमवार तक कुल बिकी 1.65 करोड़ है प्रदर्शनी में।

### इटावा जेल से फरार कैदी गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश की इटावा जिला जेल से फरार हुए कैदी को पुलिस ने मात्र 36 घंटे के भीतर अलीगढ़ रोडवेज बस स्टेंड से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि कैदी अजय के साथ उसको भगाने में मुख्य भूमिका अदा करने वाले जेलकर्मी श्रीकांत अवस्थी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार कैदी को गिरफ्तार करने में अहम भूमिका निभाने वाले एसपी सिटी अमित कुमार सिंह, क्राइम ब्रांच और सिविल लाइन थाना पुलिस को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। इटावा जिला जेल के अधीक्षक कुलदीप भदोरिया का कहना है कि जेल कर्मी श्रीकांत अवस्थी की भूमिका कैदी अजय को भगाने में प्रमुख रूप से रही है इसीलिए वरिष्ठ जेल अधिकारियों ने अजय को चार अन्य जेल कर्मियों के साथ पहले ही निलंबित कर दिया है अब अजय के खिलाफ शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। उम्मीद ऐसी जगह जताई जा रही है कि अजय के फरारी के मामले में प्रमुख आरोपी श्रीकांत अवस्थी को बर्खास्त भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि 23 दिसंबर को अजय जेल कर्मियों को चकमा देने के बाद जिला जेल से फरार हो गया था जिसके बाद पांच जेल कर्मियों के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर सभी को निलंबित कर दिया गया था। 23 दिसंबर को जिला कारागार इटावा में निरुद्ध विचाराधीन बन्दी अजय पुत्र दीवान सिंह निवासी जरियापुर थाना बिधुना जिला औरेया द्वारा जिला कारागार से पलायन कर गया था।

### लिफ्ट एस्कलेटर की सुरक्षा-संरक्षा सुनिश्चित करने लागू होगा कानून

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुमंजिला इमारतों में लगने वाली लिफ्ट/एस्कलेटर की सुरक्षा, संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में उन्होने कहा कि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण और बहुमंजिला इमारतों के प्रसार से लिफ्ट और एस्कलेटर का उपयोग बढ़ रहा है। वर्तमान में इस बारे में वर्तमान में प्रदेश में कोई अधिनियम नहीं लागू है और इसे यथाशीघ्र लागू किया जाना आवश्यक है। उन्होने कहा कि नये लिफ्ट और एस्कलेटर की स्थापना करने वाले प्रत्येक स्वामी को चाहे वह निजी परिसर हो या सार्वजनिक परिसर हो, पंजीयन कराना अनिवार्य किया जाना चाहिए। पूर्व से स्थापित तथा संचालित लिफ्ट और एस्कलेटर के लिए भी यह अनिवार्य किया जाए। लिफ्ट और एस्कलेटर के निर्माण में बीआईएस मानकों का अनुपालन अनिवार्य करें। इनकी स्थापना में सुसंगत बिल्डिंग कोड तथा अन्य आवश्यक कोड का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। योगी ने कहा कि लिफ्ट में यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑटो रेस्क्यू डिवाइस का लगाया जाना अनिवार्य होना चाहिए, ताकि बिजली आपूर्ति में या अन्य किसी खराबी की स्थिति में लिफ्ट के अन्दर फंसे यात्री निकटतम लैंडिंग तक पहुंचे और लिफ्ट का दरवाजा स्वत: खुल जाए। आपातकालीन घंटी, सीसीटीवी कैमरा पर्याप्त रोशनी और लिफ्ट के बाहर संवाद करने हेतु संचार प्रणाली भी स्थापित करना अनिवार्य हो।